

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 78 | शुक्रवार, 01 मई 2026 | बैशाख शुक्ल पंचमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### नेपाल एयरलाइंस ने भारत से मांगी माफी

**काठमांडू।** नेपाल एयरलाइंस ने एक ''नेटवर्क मैप'' में जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाए जाने के बाद पैदा हुए विवाद के मद्देनजर मानचित्र संबंधी त्रुटियों के लिए बृहस्पतिवार को माफी मांगी। विरोध के कारण इस एयरलाइन ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट कर दिया था। एयरलाइन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हमारे सोशल मीडिया चैनलों पर हाल में साझा किए गए 'नेटवर्क मैप' में हुई त्रुटि के लिए हम माफी मांगते हैं। इस मानचित्र में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के संबंध में महत्वपूर्ण मानचित्र संबंधी त्रुटियां थीं, जो नेपाल या नेपाल एयरलाइंस के आधिकारिक रुख को नहीं दर्शाती हैं। एयरलाइन के अनुसार, ''हमने तुरंत पोस्ट हटा दिया और आंतरिक समीक्षा कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी सामग्री सटीकता के उच्चतम मानकों को पूरा करे।

### सीआईएससीई 10वीं व 12वीं का परिणाम जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने बृहस्पतिवार को 2026 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए, जिनके अनुसार 10वीं कक्षा में 99 .18 प्रतिशत जबकि 12वीं में 99 .13 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल 2,58,721 परीक्षार्थियों ने 10वीं (आईसीएसई) जबकि 1,03,316 परीक्षार्थियों ने 12वीं (आईएससी) की परीक्षा दी थी। आईसीएसई में, 99 .46 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98 .93 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, 99 .48 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98 .81 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईसीएसई परीक्षा में 2,56,590 परीक्षार्थी उत्तीर्ण जबकि 2,131 अनुत्तीर्ण हुए। आईएससी परीक्षा में कुल 1,02,414 उत्तीर्ण जबकि 902 अनुत्तीर्ण हुए।

## यूपी विस में विशेष सत्र के प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति जताई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में बृहस्पतिवार को लाए गए प्रस्ताव को लेकर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आपत्ति जताई और कहा कि जो विषय राज्य सरकार का नहीं है, उस पर चर्चा नहीं हो सकती। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कार्यमंत्रणा के प्रस्ताव की जानकारी दी।

इस पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा, ''नियमावली कहती है कि जो मुख्यतः राज्य



सरकार का विषय न हो, उस पर बहस या मतदान नहीं कराया जाना चाहिए। महिला आरक्षण विधेयक संसद के अधिकार का विषय है, राज्य सरकार का नहीं, इसलिए इस पर चर्चा नहीं होनी चाहिए।

पांडेय ने कहा, ''हम नारी सशक्तीकरण या नारी आरक्षण के विरोध में नहीं हैं, हम समर्थन में हैं। लेकिन प्रस्ताव में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में बाधा उत्पन्न करने की बात निंदात्मक है। सवाल है कि बाधा कहां उत्पन्न की जा रही है? यह विषय कहां से आता है?'' इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा, ''दुख हुआ कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर नेता प्रतिपक्ष, जो स्वयं सदन के अध्यक्ष रह चुके हैं, यह आपत्ति उठा रहे हैं। हमारा प्रस्ताव महिला सशक्तीकरण पर है, महिला आरक्षण पर नहीं।

## विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में अभूतपूर्व उछाल, 22 सीटों पर 95 % से अधिक मतदान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान में एक अभूतपूर्व उछाल देखा गया, जहाँ 22 निर्वाचन क्षेत्रों में 95 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज हुआ। इसमें उत्तर 24 परगना का मीनाखां निर्वाचन क्षेत्र 97.77 प्रतिशत के उल्लेखनीय आंकड़े के साथ सबसे ऊपर रहा। राज्य में दूसरे चरण के मतदान वाले 142 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 92.67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जिससे दोनों चरणों का संयुक्त मतदान प्रतिशत 92.93 प्रतिशत हो गया है। यह आजादी के बाद से राज्य में अब तक का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत है।

दिलचस्प बात यह है कि 2021




के विधानसभा चुनावों में इन्हीं 142 निर्वाचन क्षेत्रों में 80.4 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो वर्तमान आंकड़ों से लगभग 13 प्रतिशत कम था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर 24 परगना के 11, दक्षिण 24 परगना के 9 और हावड़ा तथा पूर्व बर्धमान के एक-एक निर्वाचन क्षेत्र में 95 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।

अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की बात करें तो मीनाखां (97.77 प्रतिशत) के बाद दक्षिण 24 परगना का कैनिंग पूर्व 97.70 प्रतिशत और उत्तर 24 परगना का हरोआ 97.34 प्रतिशत के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इनके अलावा उत्तर 24 परगना के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में देगंगा (96.85 प्रतिशत), आमडांगा (96.03 प्रतिशत), अशोकनगर (95.01 प्रतिशत), बादुरिया (95.66 प्रतिशत), बारासात दक्षिण (95.44 प्रतिशत), बारासात उत्तर (96.62 प्रतिशत), हिंगलगंज (95.41 प्रतिशत), संदेशखाली (95.89 प्रतिशत) और स्वरूपनगर (95 प्रतिशत) शामिल हैं। दक्षिण 24 परगना के नौ निर्वाचन क्षेत्रों, जिनमें भांगड़ (96.78 प्रतिशत), कैनिंग पश्चिम (96.43 प्रतिशत), बसंती (95.73 प्रतिशत), रायदिघी (95.70 प्रतिशत), मंदिरबाजार (95.47 प्रतिशत), कुलपी (95.42 प्रतिशत), कुलतली (95.99 प्रतिशत) और काकद्वीप (95.13 प्रतिशत) शामिल हैं।

# ईरान के तेल पर अमेरिका की नाकेबंदी पाकिस्तान कर रहा तेल की तस्करी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान जंग और होर्मुज की नाकेबंदी के कारण इस समय दुनिया तेल और गैस के संकट से जूझ रही है। खुद ईरान का पड़ोसी देश पाकिस्तान हलकान है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ खुलेआम इस बात का रोना रो रहे हैं कि जंग के कारण पाकिस्तान का तेल आयात बिल 300 मिलियन डॉलर से बढ़कर 800 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि दूसरी तरफ एक सच्चाई यह भी है कि पाकिस्तान का बलूचिस्तान इलाका ईरान से बड़े पैमाने पर तेल की तस्करी का रास्ता बना हुआ है। हर दिन लगभग 1 करोड़ लीटर ईरानी तेल तस्करी के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश करता है और वहां की सरकार-सेना कुछ नहीं कर पाती या करना नहीं चाहती।

बलूचिस्तान में पाकिस्तान-ईरान



सीमा के आसपास तेल की तस्करी ने एक अनौपचारिक अर्थव्यवस्था ही खड़ी कर दी है। इंडोनेशिया मीडिया की एक रिपोर्ट को मुताबिक इस सीमावर्ती क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले तेल का बड़ा हिस्सा आधिकारिक व्यापार के बजाय अवैध रास्तों से आता है। अनुमान है कि हर दिन तस्कर 1 करोड़ लीटर ईरानी तेल से पाकिस्तान में लाते हैं. इसका असर यह है कि बलूचिस्तान के 60 से 70 प्रतिशत पेट्रोल पंप तेल की इसी अवैध सप्लाई पर निर्भर हैं। खुद इस तस्करी नेटवर्क के कारण पाकिस्तान को हर साल लगभग 81.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर के राजस्व का नुकसान हो रहा है। पाकिस्तान सरकार तो दावा करती है कि उसने इस अवैध व्यापार को रोकने के लिए आधिकारिक स्तर पर कई प्रयास किए गए हैं। लेकिन बलूचिस्तान की स्थानीय आबादी की ईरान से मिलने वाले सस्ते तेल-गैस पर इतनी अधिक निर्भरता है कि यहां एक ऐसी समानांतर वितरण प्रणाली ही खड़ी हो गई है है, जिसे नियंत्रित करना दोनों देशों के अधिकारियों के लिए लगातार चुनौती बना हुआ है।

तेल की तस्करी के लिए गुप्त पहाड़ी रास्तों का इस्तेमाल किया जाता है, जहां पेट्रोल और डीजल के ड्रम ढोने के लिए छोटे पिकअप ट्रकों की मदद ली जाती है। यह गतिविधि मुख्य रूप से बलूचिस्तान के मकरान, रख्शान और चागाई क्षेत्रों में केंद्रित है। इन ऑपरेशनों में अक्सर स्थानीय निवासियों, कुछ सरकारी अधिकारियों और कभी-कभी हथियारबंद समूहों के बीच तालमेल देखने को मिलता है। इससे इस तस्करी नेटवर्क को और मजबूती मिलती है। डॉन न्यूज के अनुसार 2020 में ईरान से होने वाली तेल तस्करी का कुल मूल्य सालाना 250 अरब रुपये से अधिक था।

## मोजतबा खामेनेई ने ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं पर सौदेबाजी से किया इनकार

**नई दिल्ली।** ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि परमाणु और मिसाइल क्षमताएं राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में सुरक्षित रहेंगी। अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने ईरानी टीवी पर कहा कि ये क्षमताएं देश की जल, भूमि और हवाई रक्षा की तरह महत्वपूर्ण। खामेनेई ने फारस की खाड़ी में अमेरिका के एकमात्र स्थान को इसके जल की गहराई तक सीमित बताया है।

ईरान के सर्वोच्च नेता ने गुरुवार को कहा कि इस्लामी गणराज्य अपनी "परमाणु और मिसाइल क्षमताओं" को राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में सुरक्षित रखेगा, भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन मुद्दों पर समझौता करने की कोशिश कर रहे हों। अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने ईरानी सरकारी टेलीविजन पर पढ़े गए एक लिखित बयान में यह बात कही।

28 फरवरी को हुए हवाई हमले में अपने 86 वर्षीय पिता, अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सत्ता संभालने के बाद से लो सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आए हैं, मगर



समय-समय पर संदेश जारी करते रहे हैं और लगभग ईरान उसी पर अमल करता नजर आया है।

खामेनेई ने कहा, "देश के अंदर और बाहर रहने वाले 90 मिलियन गर्वित और सम्मानित ईरानी, ईरान की पहचान पर आधारित सभी आध्यात्मिक, मानवीय, वैज्ञानिक, औद्योगिक और तकनीकी क्षमताओं - नैनो तकनीक और जैव तकनीक से लेकर परमाणु और मिसाइल क्षमताओं तक - को राष्ट्रीय संपत्ति मानते हैं, और उनकी रक्षा उसी तरह करेंगे जैसे वे देश के जल, भूमि और हवाई क्षेत्र की रक्षा करते हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि फारस की खाड़ी में अमेरिकियों का एकमात्र स्थान "इसके जल की गहराई में" है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य पर तेहरान का पूर्ण नियंत्रण बना हुआ है।खामेनेई ने बयान में आगे कहा, "ईश्वर की कृपा और शक्ति से, फारस की खाड़ी क्षेत्र का उज्ज्वल भविष्य अमेरिका के बिना होगा, एक ऐसा भविष्य जो यहां के लोगों की प्रगति, आराम और समृद्धि के लिए समर्पित होगा। हम और फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के पार स्थित हमारे पड़ोसी एक समान भाग्य साझा करते हैं।

## कांग्रेस+ को मुस्लिमों का मिला समर्थन लेकिन हिमंता के साथ भी अच्छी तादाद

**नई दिल्ली।** असम विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को टुडेज चाणक्या ने अपना एग्जिट पोल जारी किया। इसकी मानें तो असम में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। एनडीए को इस बार लगभग 102 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है, जो पिछली बार की 75 सीटों से काफी ज्यादा है। इस सर्वे का एक चौंकाने वाला पहलू मुस्लिम मतदाताओं के बीजेपी के प्रति बढ़ते झुकाव को लेकर बताया गया है। हालांकि मुस्लिम वोटरों का सबसे ज्यादा भरोसा कांग्रेस गठबंधन पर ही है।

असम चुनाव को लेकर टुडेज चाणक्य के जातिगत विश्लेषण में अनुमान लगाया गया है कि इस बार राज्य के लगभग 14 फीसदी



मुस्लिम वोट बीजेपी गठबंधन के खाते में जा सकते हैं। ये इस लिहाज से एक बड़ा बदलाव कहा जा सकता है कि असम की लगभग 34 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है।

अगर ये अनुमान सही निकलते हैं तो पिछली बार के मुकाबले मुस्लिम वोटरों का बीजेपी के प्रति रुझान में लगभग दोगुने का इजाफा होगा। 2021 के चुनाव में बीजेपी गठबंधन को 7 फीसदी वोट मिले थे जो इस बार 14 फीसदी हो सकते हैं, अगर टुडेज चाणक्या का अनुमान सही निकला। मुस्लिम वोटरों का बीजेपी के प्रति रुझान भले ही बढ़ता दिख रहा हो, लेकिन समुदाय का बड़ा हिस्सा अब भी कांग्रेस गठबंधन के साथ लगता है।

## भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

- पुवायां में शादी समारोह से वापस आते वक्त बाइक और बोलेरो की टक्कर से हुआ हादसा

**शाहजहांपुर।** भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की उस समय जान चली गई। जब दंपति और दो बच्चे शादी समारोह से बाइक से वापस घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जबकि बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घायल सीमा को पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना निगोही के मोहल्ला रामनगर बगिया निवासी 35 वर्षीय अरुण पुत्र राकेश कुमार बुधवार




को अपनी पत्नी सीमा देवी, बेटी दीक्षा, बेटा नैतिक के साथ बाइक से पुवाया थाना क्षेत्र के गांव सिरखिडी में अपने चचेरे साले की शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे पत्नी और बच्चों के साथ बाइक से वापस घर जा रहे थे। अरुण गांव सिरखिड़ी से मोहम्मदी रोड से होते हुए फ्लाईओवर पर बड़ागांव के पास पहुंचे।तभी शाहजहांपुर से खुटार की ओर आ रही बोलेरो गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक डिवाइडर से जा लगी। बाइक सवार पति पत्नी और दोनों बच्चे सड़क पर जा गिरे।जिसमें 35 वर्षीय अरुण, 10 वर्षीय दीक्षा, 3 वर्षीय नैतिक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 32 वर्ष घायल सीमा को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सीमा को भी मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया।वहीं



अस्पताल में जानकारी लेते परिजन। –समाचार प्लस

### बुझ गया घर का चिराग

मृतक अरुण के पिता राकेश कुमार ने बताया कि बेटे अरुण के दो बेटी 13 वर्षीय क्रांति देवी, 10 वर्षीय दीक्षा तथा 3 वर्षीय बेटा नैतिक तीन संतानें थी।जिसमें बेटे अरुण और पोते नैतिक की मृत्यु के बाद घर में चिराग जलाने वाला भी कोई नहीं रह गया। मृतक की एक बेटी क्रांति देवी घर है। जिसे अभी तक पता नहीं है कि उसके माता पिता एवं भाई बहन अब इस दुनिया में नहीं है।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मृत्यु हो गई। जिनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा बोलेरो चालक की तलाश की जा रही है।

## यूपी में आंधी बनी आफत झमाझम बारिश ने दी राहत

**लखनऊ।** प्रयागराज, फतेहपुर और कानपुर समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को तेज रफ्तार आंधी ने जम कर तबाही मचायी। हालांकि कुछ देर हुयी झमाझम बारिश ने प्रचंड गर्मी से फौरी राहत प्रदान की। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ द्वारा गुरुवार को जारी "डिस्ट्रिक्ट लेवल नाउकास्ट" के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में अगले कुछ घंटों के दौरान मेघगर्जन, वज्रपात, तेज झोंकेदार हवाओं और बारिश के साथ कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है।

कानपुर में आज की सुबह का आगाज घने काले बादलों के साथ हुआ और करीब दस बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरु हो गयी। करीब 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के चलने से पहले एहतियात के तौर पर बिजली विभाग ने



लगभग पूरे शहर की बत्ती गुल कर दी। मौसम के बदले मिजाज का लुफ्त लोगों ने जम कर उठाया और बारिश के साथ ठंडी हवाओं का मजा लिया।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आंधी से पेड़ों के उखड़ने की सूचना है। प्रयागराज जिले में बुधवार देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई और कई इलाकों में ओले भी गिरे। इस बदलाव के कारण तापमान में लगभग 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। जिसके बाद से मौसम ठंडा बना हुआ है।

**टकराव** निंदा प्रस्ताव के बीच सत्ता और विपक्ष में तीखी नोकझोंक, रिकॉर्ड से हटे बयान

## महिला आरक्षण पर यूपी विधानसभा में सत्ता–विपक्ष में नोंकझोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में महिला आरक्षण को लेकर सियासी टकराव चरम पर दिखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लाए गए निंदा प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस, नारेबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के मुद्दे पर सदन में जमकर हंगामा हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विपक्ष के खिलाफ लाए गए निंदा प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कई बार माहौल गर्म हो गया। चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान और कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के बीच तीखी बहस देखने को मिली। वहीं, मंत्री आशीष पटेल ने



कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का प्रस्ताव दिया। इस पर आराधना मिश्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य "कांग्रेस की देन" है और कई नेता उसी पृष्ठभूमि से निकले हैं। सपा विधायक रागिनी सोनकर ने भाजपा पर महिलाओं के मुद्दे का राजनीतिक उपयोग करने का आरोप लगाया।

उन्होंने सदन में कविता के माध्यम से अपनी बात रखते हुए महिलाओं की स्थिति पर सवाल उठाए और कहा कि नारी को नारा बनाकर राजनीति की जा रही है। इससे पहले सदन की कार्यवाही के दौरान भाजपा और सपा विधायकों के बीच नारेबाजी भी हुई। सपा विधायक पल्लवी पटेल ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह महिला आरक्षण लागू करने के प्रति गंभीर नहीं है और परिसीमन की शर्त जोड़कर इसे टालने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने जनगणना में देरी को भी इसी रणनीति का हिस्सा बताया। वहीं, मंत्री असीम अरुण ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए लंबे इंतजार की जरूरत नहीं है और अन्य देशों का उदाहरण देते हुए उन्होंने अधिक प्रतिनिधित्व की वकालत की। सत्र के दौरान मंत्री संजय निषाद और विजय लक्ष्मी गौतम ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए महिला आरक्षण और सामाजिक प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर अपनी-अपनी बात रखी।

उल्लेखनीय है कि सरकार निंदा प्रस्ताव के जरिए विपक्ष पर महिला आरक्षण में बाधा डालने का आरोप लगा रही है, जबकि विपक्ष का कहना है कि विधेयक पहले ही पारित हो चुका है और सरकार उसे लागू करने में देरी कर रही है।

## मध्य प्रदेश के धार में पिकअप पलटने से 10 मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के धार जिले से बुधवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। जिसमें दस लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हो गये हैं। यह हादसा इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर चिकलिया स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास होना बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा रात करीब 8.30 बजे हुआ है। मजदूरों से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित हो गई और पलट गई। जिससे कई लोग दब गये। इस हादसे में मौके पर ही कई लोगों की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया है।

बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में क्षमता से अधिक लोग



सवार थे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी और उसमें 30 के करीब लोग सवार थे, इतना ही नहीं तिरला बायपास के पास संतुलन बिगड़ने से पिकअप सड़क पर ही कई बार पलट गयी। जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई और कई लोग वाहन के नीचे दब गए। मृतकों में बच्चे भी शामिल बताये जा रहे हैं।

# स्कूल से संप्रेक्षण गृह तक जमीनी हकीकत की पड़ताल, अफसरों में मचा भारी हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर बरेली पहुंचीं तो पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड में आ गया। सुबह त्रिशूल हवाई अड्डे से शुरू हुआ दौरा दोपहर तक सख्त निरीक्षण और कड़े संदेशों से भरा रहा। जहां-जहां राज्यपाल पहुंचीं, वहां व्यवस्थाओं की परत-दर-परत जांच हुई और अफसरों में साफ तौर पर बेचैनी नजर आई।

हवाई अड्डे से सीधे दिशा इंटर कॉलेज पहुंचीं राज्यपाल ने औपचारिकताओं से अलग हटकर जमीनी हकीकत परखने का प्रयास किया। क्लासरूम, संसाधन और पढ़ाई की गुणवत्ता को बारीकी से जांचा। खासतौर पर विशेष बच्चों की शिक्षा को लेकर उनका रुख बेहद सख्त रहा। उन्होंने साफ कहा कि समावेशी शिक्षा सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखनी





संबोधित करतीं एवं दिशा इंटरनेशनल कॉलेज का उद्घाटन करती उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल।

चाहिए। मंच से उन्होंने संकेत दिया कि अब केवल दावे नहीं, बल्कि परिणाम दिखाने होंगे। इसके बाद किला स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) पहुंचकर राज्यपाल ने बच्चों की सुरक्षा, रहन-सहन और सुविधाओं की सीधे मौके पर समीक्षा की। सूत्रों के मुताबिक, छोटी-छोटी खामियों पर भी उन्होंने कड़े सवाल उठाए, जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की सांसें थम गईं। यहां निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर कई निर्देश भी दिए गए।

दोपहर बाद राज्यपाल महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय पहुंचीं, जहां गुजरात दिवस कार्यक्रम में उन्होंने विश्वविद्यालयों को बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का काम सिर्फ शिक्षा देना नहीं, बल्कि समाज के बीच जाकर महिलाओं, बच्चों और किसानों की समस्याओं का समाधान तलाशना भी है। साथ ही हर यूनिवर्सिटी को कम से कम पांच गांव गोद लेकर उनके विकास में योगदान देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी यूनिवर्सिटी बनाना आसान है, लेकिन छात्रों को सही दिशा देना, हुनर सिखाना और आत्मनिर्भर बनाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। टीबी मुक्त भारत अभियान का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश में लाखों मरीज ठीक हो चुके हैं। साथ ही बालिकाओं के स्वास्थ्य, एचपीवी वैक्सीन और शिक्षा पर भी विशेष जोर दिया।

### शाम को उद्घाटन, सियासी हलचल भी तेज

शाम को राज्यपाल रामगंगानगर स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल की नई शाखा का उद्घाटन करेंगी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता संतोष गंगवार की मौजूदगी से सियासी हलचल भी तेज हो गई है। दौरे के बहाने प्रशासनिक के साथ-साथ राजनीतिक गतिविधियां भी चर्चा में रहीं। राज्यपाल के दौरे को लेकर बरेली शहर पूरी तरह सुरक्षा घेरे में रहा। एयरपोर्ट से लेकर सभी कार्यक्रम स्थलों तक पुलिस की कड़ी निगरानी रही। कई जगह रूट डायवर्जन लागू किया गया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सुरक्षा में जरा सी भी चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे दिन वीवीआईपी मूवमेंट का असर शहर की सड़कों पर साफ दिखाई दिया। कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय प्रशासन, जिला अधिकारी, पुलिस अधिकारी और अन्य विभागों के जिम्मेदार मौजूद रहे।

## एक नजर

### कोटेदार पर राशन गबन का मुकदमा

**बरेली।** जनपद में सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी के विरुद्ध प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। गरीबों के हक का राशन डकारने वाले कोटेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत संजय नगर क्षेत्र के एक कोटेदार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बारादरी थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत यह प्राथमिकी दर्ज कराई है। पूरा मामला तब उजागर हुआ जब अशोक विहार कॉलोनी निवासी रूप सिंह की शिकायत पर पूर्ति निरीक्षक अलीम खान की टीम ने कोटेदार रतिराम जयंत की दुकान पर औचक छापेमारी की। टीम ने जब भौतिक सत्यापन किया, तो स्टॉक रजिस्टर और मौके पर मौजूद खाद्यान्न में भारी अंतर मिला। रिकॉर्ड के अनुसार दुकान पर 43 बोरी गेहूं होना चाहिए था, लेकिन मौके पर मात्र 24 बोरी ही मिली। इसी तरह चावल के स्टॉक में भी हेराफेरी पाई गई। कुल 19 बोरी गेहूं और एक बोरी चावल गायब होने का कोटेदार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

# 99.6 प्रतिशत के साथ बरेली की प्रजाना बनीं मंडल टॉपर, अनिरुद्ध ने भी मारी बाजी



आईसीएसई-आईएससी बोर्ड की मंडल टॉपर प्रजाना एवं अनिरुद्ध।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में बरेली के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। कक्षा 10वीं (ICSE) में सेंट मारिया गोरेटी इंटर कॉलेज की छात्रा प्रजाना पाराशरी ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे बरेली मंडल में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रजाना ने अपनी सफलता का श्रेय संतुलित अध्ययन और एआई (AI) के सही उपयोग को दिया। उन्हें इतिहास व रसायन विज्ञान में पूरे 100 अंक मिले हैं और वे भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती हैं। इसी कक्षा में हार्टमन कॉलेज की अपर्णा ने 98.40 प्रतिशत अंक पाकर अपनी प्रतिभा साबित की।

वहीं, कक्षा 12वीं (ISC) में हार्टमन कॉलेज के अनिरुद्ध जौहरी ने 96.75 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अनिरुद्ध ने बताया कि समय का सही नियोजन ही उनकी सफलता का मंत्र रहा और वे अब इंजीनियरिंग में करियर बनाना चाहते हैं। रिजल्ट घोषित होते ही स्कूलों और घरों में जश्न का माहौल रहा। शिक्षकों व अभिभावकों ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इन मेधावियों की उपलब्धि ने शहर का मान बढ़ाया है।

# किशोरी से गैंगरेप के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** क्योलड़िया थाना क्षेत्र में एक 13 साल की मासूम के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। बुधवार देर रात मधु नगला मढ़ी के जंगलों में हुई जवाबी फायरिंग में मुख्य आरोपी साकिब के पैर में गोली लगी है, जबकि उसके साथी मनीष को भी घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। घटना मंगलवार की है, जब आरोपियों ने बच्ची को बहला-फुसलाकर जंगल ले जाकर इस अपराध को अंजाम दिया। घर वापस लौटने पर बच्ची ने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके



मुठभेड़ में बदमाश को गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लाती।

बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत टीमों का गठन किया। बुधवार रात को पुलिस को आरोपियों के जंगल में छिपे होने की सूचना मिली। घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी साकिब घायल हो गया, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया। मौके से अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। प्रभारी सीओ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# पंजाबी सेवा संगठन ने लंगर में परोसी इंसानियत, सैकड़ों ने पाया भोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भीषण गर्मी के बीच गुरुवार को सिलेक्शन प्वाइंट स्थित मंदिर के पास पंजाबी सेवा संगठन द्वारा विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में राहगीरों और जरूरतमंदों को दाल-चावल, दही और जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। संगठन के अध्यक्ष गौरव खंडूजा ने बताया कि संस्था बिना किसी बाहरी फंड के पिछले तीन वर्षों से राशन वितरण और शिक्षा जैसे जनहितकारी कार्यों में जुटी है।

महिला अध्यक्ष सुमन साहनी ने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा करना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्ग का उत्थान और पूरे पंजाबी समाज को एकजुट करना है। कार्यक्रम में कविता वोहरा, पिंकी जुनेजा और रितु खुराना सहित कई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सेवा की। भविष्य में संस्था ने गरीब बच्चों की शिक्षा और स्वर्ग वाहन सेवा जैसे प्रकल्प चलाने का संकल्प दोहराया है।



पंजाबी सेवा संगठन के पदाधिकारी सेवा कार्य करने के दौरान। -जागरण मोर्चा

# हादसे में बरेली कॉलेज के गेस्ट लेक्चरर की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग में अतिथि प्रवक्ता रहे डॉ. मिन्नी यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा उनके गृह जनपद जौनपुर में हुआ, जहां डंपर से टक्कर के बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुखद खबर मिलते ही बरेली कॉलेज परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। प्रोफेसर, कर्मचारी, छात्रनेता और छात्र सभी गमगीन नजर आए।



डॉ. मिन्नी यादव।

जानकारी के अनुसार डॉ. मिन्नी यादव अपने भाई राजेंद्र यादव के साथ जौनपुर से लौट रहे थे। सुजानगंज थाना क्षेत्र के बाहरपुरकला गांव के पास उनकी कार की डंपर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि 42 वर्षीय डॉ. मिन्नी यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

डॉ. मिन्नी यादव मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले थे, लेकिन उनका बरेली से गहरा जुड़ाव था। उनके भाई बरेली में पीडब्ल्यूडी विभाग में तैनात थे, जिसके चलते उनका परिवार यहीं बस गया। उन्होंने बरेली कॉलेज से ही पढ़ाई की और छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह इसी कॉलेज में अतिथि प्रवक्ता के रूप में पढ़ाने लगे थे। पूर्व छात्रसंघ महामंत्री डॉ. ह्रदेश यादव ने बताया कि मिन्नी यादव छात्र राजनीति में बेहद सक्रिय रहे। वह किसी एक दल से नहीं, बल्कि छात्रों के नेता के रूप में जाने जाते थे। सक्रिय छात्र नेताओं की हर संभव मदद करना उनकी पहचान थी। राजनीति शास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ. नीलम गुप्ता ने बताया कि दो दिन पहले ही उनसे बातचीत हुई थी और उनकी परीक्षा ड्यूटी भी लगी थी। अचानक आई इस खबर पर पहले तो किसी को यकीन ही नहीं हुआ। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजीव यादव समेत कॉलेज के कई शिक्षकों और छात्रों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. मिन्नी यादव की असमय मौत से बरेली कॉलेज का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया है। पुराने छात्र नेताओं से लेकर वर्तमान छात्रों तक हर कोई उन्हें याद कर भावुक हो रहा है। एक मिलनसार, मददगार और सक्रिय शिक्षक का यूं अचानक चले जाना पूरे कैंपस के लिए गहरा सदमा बन गया है।

# सुबह की सैर बनी मौत का सफर, कुत्तों के झुंड ने दौड़ाया, बाइक से गिरकर शिक्षिका की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक अब जानलेवा होता जा रहा है। कर्मचारी नगर क्षेत्र में बुधवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना में कुत्तों के झुंड से बचने की कोशिश कर रहीं 65 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका की बाइक से गिरकर मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में गुस्से का उबाल फूट पड़ा और लोगों ने नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ जमकर हंगामा किया।



मंजू सक्सेना फाइल फोटो

वीर सावरकर फेस-2 निवासी महेश चंद्र की पत्नी मंजू सक्सेना (65) हाल ही में बेसिक शिक्षा विभाग से रिटायर हुई थीं। बुधवार सुबह वह अपने बेटे शानू के साथ बाइक से कर्मचारी नगर स्थित केसर वाटिका में अपने दामाद शुभम सक्सेना के घर जा रही थीं। जैसे ही बाइक ऑफिसर्स एन्क्लेव विस्तार कॉलोनी में राहुल प्रोविजन स्टोर के पास पहुंची, तभी अचानक कुत्तों का झुंड उनके पीछे दौड़ पड़ा। घबराहट में बाइक का संतुलन बिगड़ा और मंजू सक्सेना सड़क पर सिर के बल गिर पड़ीं। हादसे में मंजू सक्सेना के सिर में गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव के चलते मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिजन आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की समधिन शशि रायजादा ने बताया कि मंजू सक्सेना को इलाज के लिए दिल्ली जाना था, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहर में आवारा कुत्तों को काबू करने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। परसाखेड़ा के नदौसी में 1.81 करोड़ की लागत से बना एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर एक साल से ज्यादा समय से सिर्फ कागजों में चल रहा है। 200 कुत्तों को रखने की क्षमता वाले इस सेंटर में अब तक एक भी कुत्ता नहीं रखा गया। फर्म का चयन होने के बावजूद कार्रवाई ठंडे बस्ते में है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सैंजनी, विकास खंड बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-30.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सैंजनी, वि. ख बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सैंजनी
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत सैंजनी
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत पतरौआ, विकास खंड बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-30.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पतरौआ, वि. ख बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत पतरौआ
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत पतरौआ
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** छह अप्रैल को आरोपी नितेश निवासी ग्राम चुरई थाना मीरगंज द्वारा शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया था। उसके बाद शादी न करने की धमकी देकर वहां से चला गया था। जबकि अन्य आरोपी जयन्तीपाल, जगतपाल, विमला ग्राम चुरई थाना मीरगंज जनपद बरेली द्वारा आरोपी का साथ देने के सम्बन्ध में थाना केमरी पर मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने विवेचना के बाद फरार चल रहे आरोपी नितेश निवासी ग्राम चुरई दलपतपुर थाना मीरगंज जनपद बरेली को मुखबिर की सूचना पर पीड़िता के घर के पास ग्राम धल्लिया से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

### पुलिस लाइन में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस लाईन परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मियों द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सेवानिवृत्त होने पर क्षेत्राधिकारी टांडा, द्वारा उपहार भेंट कर एवं फूलमाला पहना कर विदाई दी। मुख्य आरक्षी चन्द्रपाल सिंह ने पूर्ण सेवा काल के दौरान अपनी सेवाएं 6 जनपदों में दी। जिसमें बदायूं, बरेली, अमरोहा, सम्भल, पीलीभीत शामिल है। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विमलेश यादव भी सेवा निवृत हो गई।

# आसपास के तमाम घरों को देखकर बचपन की यादें हुई ताजाः रजा मुराद

- फिल्म अदाकार रजा मुराद पहुंचे अपने पुराने मोहल्ला जीना इनायत खां

जागरण मोर्चा, कार्यालय


शहर के मोहल्ला जीना इनायत में अपने पुराने घर पर पत्रकारों से बातचीत करते रजा मुराद।

**रामपुर।** अपनी बुलंद आवाज की बदौलत फिल्मी दुनिया में शोहरत हासिल करने वाले मशहूर अभिनेता रजा मुराद बुधवार शहर रामपुर में थे। यहां वह उस गली में भी पहुंचे, जहां उनका बचपन बीता। आसपास के तमाम घरों को देखकर बचपन की यादें ताजा हो गईं। बचपन के दोस्तों के नाम लेने लगे। इसी बीच आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। एक बुजुर्ग महिला ने उन्हें आवाज लगाई कि मुन्ने मियां कहां हैं। मुन्ना मियां नाम सुनकर तमाम युवा चौंक गए। तब रजा मुराद खुद बोल पड़े, उनका बचपन का नाम मुन्ने मियां ही है। आज यह नाम सुनकर उन्हें बहुत खुशी हुई। अभी कोई तो जिंदा है जो उन्हें इस नाम से पुकार रहा है।

शहर के जीना इनायत खां मोहल्ले से रजा मुराद की बचपन की यादें जुड़ी हैं। उनका बचपन इसी मोहल्ले में बीता है। यहां उनका पुश्तैनी घर भी हुआ करता था, बचपन की यादों को ताजा करते हुए बोले, हमारा बचपन इन्हीं गलियों में बीता है। इसी गली में दोस्तों के साथ खेलते थे। उन्होंने प्राइमरी शिक्षा यहीं से पूरी की। घेर नज्जू खां मोहल्ले में इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन स्कूल में पढ़ते थे। तब गैस नहीं हुआ करती थी। उनकी मां चूल्हे पर खाना बना कर देती थीं। उनकी तीन बहनें भी थीं। उस वक्त शाहबाद गेट से सिविल लाइंस थाने तक कोई मकान या दुकान नहीं हुआ करती थीं, जबकि अब इस रोड पर तमाम आलीशान इमारतें खड़ी हैं। वह कोठी खासबाग में भी घूमने के लिए गए। आलीशान कोठी को देखा और बाग में भी घूमे। बताया कि इस बाग में करीब एक लाख से ज्यादा पौधे लगे थे और बड़े अच्छे फल आया करते थे।

### ऐसे शुरू हुआ फिल्मी सफर

रजा मुराद के वालिद मुराद खान नवाबी दौर में ही मुंबई चले गए थे और फिल्मों में अदाकारी करने लगे। करीब 550 फिल्मों में मुराद साहब ने काम किया। उन्होंने ज्यादातर फिल्मों में जज और पुलिस अधिकारियों का रोल अदा किया। पिता से मिली विरासत को आगे बढ़ते हुए रजा मुराद ने भी फिल्मी दुनिया में कदम रखा और तमाम नामचीन फिल्मों में काम किया। राम तेरी गंगा मैली हो गई, प्रेम रोग हिना और पद्मावत जैसी सुपरहिट फिल्मों में भी रजा मुराद ने शानदार भूमिका निभाई। वह कहते हैं उनके पास 586 फिल्मों की लिस्ट है, जिनमें उन्होंने काम किया है। उन्होंने और उनके पिता ने कुल मिलाकर करीब 1200 फिल्मों में काम किया है, जो उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। फिल्मी दुनिया में आए बदलाव को लेकर बोले, यह दुनिया का दस्तूर है। बदलाव आता रहता है। पहले फिल्में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनती थी। इसके बाद पारिवारिक फिल्में बनने लगी, फिर डकैतों की फिल्में और एक्शन मूवी आने लगीं। समाज में बदलाव के साथ ही औफिल्मों में भी बदलाव आता रहा है। पहले विलन का रोल कुछ खास कलाकार ही किया करते थे, लेकिन अब किसी से भी विलन का रोल दे दिया जाता है।

# विवाहिता की गला घोंटकर हत्या में करने में प्रेमी-प्रेमिका को आजीवन कारावास

## एडीजे प्रथम की कोर्ट ने सुनाया फैसला, कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट ने आरोपियों को भेजा जेल

- दोनों आरोपियों पर 10-10 हजार का लगाया जुर्माना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विवाहिता की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में गुरुवार को एडीजे प्रथम की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए पति और प्रेमिका को आजीवन कारावास की सजा और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। सजा सुनाने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस ने कोर्ट में ही आरोपियों को गिरफ्तार किया। उसके बाद वह पुलिस ने जेल में दाखिल कराया।

थाना मिलक खानम क्षेत्र के गांव नानकार निवासी सुखदेव सिंह की ने स्वार थाने में 29 मार्च 2024 को तहरीर दी थी। जिसमें सुखदेव सिंह ने आरोप लगाया था कि उसकी चचेरी बहन चरन जीत कौर की शादी भगवंत नगर निवासी अमरीक सिंह से वर्ष 2004 में हुई थी। उसके तीन बच्चे भी थे। पुलिस ने विवेचना में पाया कि अमरीक सिंह प्रेमिका अमनदीप कौर से अवैध संबंध थे। जिसमें चरणजीत कौर अवैध संबंधों में बाधा बन रही थी। जिसके कारण अमरीक सिंह ने प्रेमिका के कहने पर पत्नी चरणजीत कौर की गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाद पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जहां गुरुवार को कोर्ट ने फैसला सुना दिया।


आरोपी को कोर्ट से लेकर जाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

### 12 बजे से एक बजे के बीच की थी आरोपी ने चरन कौर की हत्या

चरनजीत कौर की हत्या के बाद पुलिस ने उसके हत्यारोपी पति को पकड़ने बाद पुलिस उसको थाने ले आई थी। जहां आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि 28 मार्च 2024 को पत्नी द्वारा संबंध बनाने से मना करने पर मेरे को गुस्सां आ गया था। जिस कारण से गुस्से में आकर रात 12 बजे से लेकर एक बजे के बीच रुमाल से गला दबाकर हत्या कर दी थी। उसके बाद उसको ईटों में छिपा दिया था।

### अभियोजन पक्ष ने पेश किए 12 गवाह

एडीजीसी प्रताप सिंह मौर्या ने बताया कि आरोपियों को सजा दिलाने के लिए कड़ी पैरवी की गई। इस दौरान कोर्ट में 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए थे। दोनों आरोपियों पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया। अदालत ने अमरीक सिंह, प्रेमिका अमनदीप कौर को जेल भेज दिया।

# मामूली बात को लेकर दो पक्ष भिड़े, जांच शुरू

- घायल महिलाओं ने कराया उपचार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिलासपुर।** घर के बाहर बच्चों के हंगामे को लेकर पड़ोसी महिलाओं में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की दो घायल महिलाओं का सीएचसी में मेडिकल मुआयना कराया। मामले की जांच शुरू कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शीरी मियां में हरी ड्रेस स्कूल के पास रहने वाले जमीर अहमद व वासिद आपस में पड़ोसी हैं। बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे उनके घर की महिलाओं में बच्चों के हंगामे को लेकर पहले कहासुनी और फिर मारपीट हो गई। इस मारपीट में जमीर की पत्नी भूरी बेगम और वासिद की पत्नी फरहाना घायल हो गईं। रात में ही दोनों पक्ष शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने दोनों घायल महिलाओं का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज व मेडिकल परीक्षण कराया। जमीर पक्ष का कहना था कि पड़ोसन के बच्चे उनके घर के बाहर हंगामा कर रहे थे। मना करने पर उनके घर में घुसकर मारपीट की गई, जिससे भूरी बेगम को पेट में गंभीर चोटें लगी हैं। वहीं, वासिद पक्ष का कहना था कि गंभीर चोटें लगी हैं। वहीं, वासिद पक्ष का कहना था कि फरहाना के साथ पड़ोसन के रिश्तेदार ने भी मारपीट की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में तेज आंधी से बिजली हुई ठप, गर्मी से मिली राहत

- देर शाम को अचानक से मौसम में हुआ बदलाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** मसवासी गुरुवार शाम आई तेज आंधी और बारिश ने जहां मौसम को सुहावना बना दिया, वहीं मसवासी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन के चलते नगर समेत करीब 32 गांव अंधेरे में डूब गए, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार हवाओं और बारिश के बीच दढ़ियाल-टांडा के बीच स्थित हाईटेंशन लाइन में फाल्ट आ गया। इसके चलते मसवासी नगर के अलावा भूबरा, चौपुरा, रहमतगंज, सीतारामपुर, कुंदनपुर, अलीगंज, मुकुंदपुर, हसनपुर, उत्तरी पट्टीकला, घोसीपुरा, सेमरा, लाडपुर, मानपुर, महाराजपुर, बब्बरपुरी, लोहार, इनायतगंज, खानपुर, मोतीपुरा, फतेहगंज, धर्मपुर, किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर समेत कई गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

करीब एक घंटे तक चली तेज हवाओं ने जनजीवन की रफ्तार थाम दी। बिजली गुल होने से लोगों को रातभर परेशानी झेलनी पड़ी। अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि मौसम सामान्य होने के बाद एचटी लाइन की पेट्रोलिंग कराई जाएगी, जिसके बाद आपूर्ति बहाल की जाएगी। हालांकि, तेज हवा और बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। राहत की बात यह रही कि क्षेत्र में कहीं से भी किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### अजीतपुर की बिजली भी हुई गुल

देर शाम को आई आंधी और बारिश से कई स्थानों की बिजली गुल हो गई। जिस कारण से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही अजीतपुर में शट डाउन हो जाने के कारण कर्मचारी निरीक्षण के लिए निकल पड़े हैं। उसके बाद जगह-जगह जाकर बिजली के तारों को चेक किया जा रहा है। वहीं उपभोक्ता बिजली घरों में फोन करके बिजली आने के बारे में जानकारी करते रहे।

# शाहबाद में महिला से छेड़छाड़, केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना शाहबाद क्षेत्र के ग्राम जयडोली गांव निवासी एक महिला ने पड़ोसी युवक पर छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता दीपिका, पत्नी उत्तम सिंह, निवासी जयडोली थाना शाहवाद, जनपद रामपुर ने प्रभारी निरीक्षक, थाना शाहवाद को दिए अपने प्रार्थना-पत्र में बताया कि बीती 20 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने घर पर अकेली थीं। इसी दौरान ग्राम जेडोली निवासी रणधीर उर्फ हऊआ ने उन्हें अकेला पाकर बुरी नीयत से दबोच लिया और उनके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के अनुसार आरोपी रणधीर ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना से भयभीत पीड़िता ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई और आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# महिला पुलिसकर्मियों ने बाजारों में जाकर बांटे पंपलेट

- सरकारी योजनाओं के बारे में किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समस्त थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारे में बताया। टीम द्वारा महिलाओं, बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।


महिलाओं को जागरुक करती पुलिस कर्मी।

# टांडा क्षेत्र में युवती का अपहरण, तहरीर

**टांडा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौधरपुर हमीरपुर निवासी एक व्यक्ति की 22 वर्षीय का अपहरण कर लिया गया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

23 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे स्थानीय युवती को बिहार के वैशाली जिले के थाना महुआ के ग्राम चकौली निवासी सिराज हाल निवासी ग्राम चौधरपुर हमीरपुर, थाना टांडा, रामपुर भगा ले गया। इस मामले में ग्राम राजद्वारा रामपुर निवासी गुलाम नबी भी आरोपी के साथ शामिल बताया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। परिवार को आशंका है कि युवती के साथ कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती है। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली टांडा रामपुर में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें सिराज और गुलाम नबी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी युवक एवं उसके साथी की तलाश में जुट गई है।



# दो पैन कार्डः सजा बढ़ाए जाने को अधिवक्ताओं की हुई बहस

- एमपी-एमएलए कोर्ट ने कहा कि जमा करें केस लॉ

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** दो पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट में गुरूवार को सपा नेता आजम खां, अब्दुल्ला की सजा बढ़ाए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में बहस हुई। इस वक्त कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से केस लॉं जमा करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई आगामी 4 मई को होगी।

मालूम हो कि 17 नवंबर 2025 को आजम खां, अब्दुल्ला आजम दो पैनकार्ड के मामले में सजा हो चुकी है। गत तारीख पर उनकी अपील कोर्ट ने खारिज कर दी। पूर्व विधायक नवेद मियां के अधिवक्ताओं द्वारा आजम खां, अब्दुल्ला की सजा बढ़ाए जाने को हाईकोर्ट के आदेश पर कोर्ट ने गुरूवार को सुनवाई करते अधिवक्ता से सजा बढ़ाए जाने को लेकर केस ला (नजीर) जमा करने को कहा है। अब अगली सुनवाई 4 मई को होगी। जबकि सेशन कोर्ट ने गुरूवार को थाना कोतवाली के मुकदमा गवाह को धमकाने के मामले में कोर्ट ने मुकदमे के गवाह को तलब करते हुए सुनवाई के लिए 7 मई मुकर्रर की है। इसमें आजम खां के साथ फरहान अली खां, उजैर खां, आमिर खां, कामरान खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। सुनवाई के दौरान आजम खां वीडियो कांफ्रेंस के जरिए, फरहान अली, राजा खां, आमिर खां कोर्ट में पेश रहे।

# जनपद में 4.35 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित

- जनपद में खरीद के लिए बनाए गए है 129 केंद्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** जनपद में चल रही गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित शासन से हो चुका है। इस बार विभाग को 4 लाख 35 हजार मीट्रिक टन मिला है। खरीद के लिए जनपद में 129 केंद्र भी बनाए गए हैं जोकि खरीद 15 जून तक जारी रहेगी।

डिप्टी आरएमओ प्रिंस चौधरी ने बताया कि जनपद में इस बार खरीद 30 मार्च से शुरू हुई है जोकि खरीद 15 जून तक आरंभ रहेगी। इस बार किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की जाएगी। जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है।

इसके अलावा खरीद के लिए जनपद में 129 क्रय केंद्र स्थापित किए है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक 75 हजार लक्ष्य के हिसाब से जनपद में 15 प्रतिशत खरीद हो चुकी है। खरीद के लिए किसानों के पास पंजीकरण प्रपत्र में दर्ज विवरण का मिलान किसान पहचान पत्र की छायाप्रतियों के साथ खरीद हो रही है।

### 12 मोबाइल केंद्र भी शामिल

तमाम समस्याओं के चलते किसान औने-पौने दामों में अपनी उपज व्यापारियों के हाथ भेज देते हैं। गेहूं खरीद में 12 मोबाइल केंद्र भी शामिल किए है। जिससे कि खरीद में तेजी आ सके। शासन के निर्देश पर इस बार खाद्य विभाग व एजेंसियां किसानों की सहूलियत को देखते हुए उनके दरवाजों पर जाकर गेहूं की खरीद करेंगी। इससे किसानों और वाहन किराया दोनों की बचत होगी। साथ ही क्रय केंद्रों के चक्कर भी नहीं लगाना पड़ेगा, और विभाग का लक्ष्य भी पूरा हो जाएगा।

**रखें ध्यान** किसानों को सतर्क रहने की सलाह, पैदावार को हो सकता है नुकसान

# अप्रैल-जून में गन्ना फसल पर कीटों का प्रकोप बढ़ने की आशंका



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अप्रैल से जून गन्ने की फसल के लिए कीट प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में इस अवधि के दौरान अंकुर बेधक एवं चोटी बेधक कीटों की पहली पीढ़ी सक्रिय हो रही है। समय रहते नियंत्रण न होने पर ये कीट फसल की पैदावार को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार इन कीटों की सूंडी गन्ने की कोमल पतियों गॉफ को खाती है, जिससे पौधे का मध्य भाग सूख जाता है, जिसे डेड हार्ट कहा जाता है। प्रभावित भाग को खींचने पर वह आसानी से बाहर निकल आता है तथा उसमें से दुर्गंध आती है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे नियमित रूप से खेतों की निगरानी करें तथा प्रभावित पौधों को सूंडी एवं प्यूपा सहित जमीन की सतह से काटकर तुरंत नष्ट कर दें। अंडों के समूह वाली पतियों को भी नष्ट करना आवश्यक है।

### 25-30 मीटर की दूरी पर फेरोमोन का करें प्रयोग

जिला कृषि अधिकारी ने जैविक नियंत्रण के अंतर्गत ट्राइकोकार्ड का उपयोग प्रत्येक 15 दिन के अंतराल पर करने की सलाह दी गई है। वहीं, वयस्क कीटों की निगरानी के लिए खेतों में 25-30 मीटर की दूरी पर फेरोमोन ट्रैप या लाइट ट्रैप का प्रयोग करें। रसायनिक नियंत्रण के लिए फिप्रोनिल 40 प्रतिशत + इमिडाक्लोप्रिड 40 प्रतिशत डब्ल्यूजी (500 ग्राम) अथवा क्लोरेन्द्रानिलिप्रोल 8 प्रतिशत + थायोमेथॉक्सम 17 .5 प्रतिशत (600 ग्राम) को 1000 लीटर पानी में घोलकर जड़ों के पास ड्रैंचिंग करें। इसके अतिरिक्त, अंदर मौजूद सूंडी के नियंत्रण के लिए क्लोरेन्ट्रानिलिप्रोल 18 .5 प्रतिशत एससी (150 मिली को 400 लीटर पानी में मिलाकर प्रयोग करें।

# आईसीएसई परीक्षा : अंश चंदेल, शिवांगी सिंह ने किया टॉप

## 106 हाईस्कूल, 49 इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों ने पास की परीक्षा, शत-प्रतिशत रहा परिणाम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आईसीएसई दसवीं, इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें लंढौरा नारायणपुर स्थित साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने शानदार उपलब्धि हासिल की। विद्यालय का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जोकि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। हाईस्कूल में कुल 106 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट में 49 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और उन्होंने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विशेष रूप से हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। जहां 70 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। छात्र-छात्राएं अपनी सफलता का जश्न मनाते नजर आए। शिक्षकों एवं अभिभावकों में भी इस उपलब्धि को लेकर गर्व और उत्साह देखने को मिला।



आईसीएसई का रिजल्ट आने पर खुशी जाहिर करते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

### मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग का परिणाम

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शिवांश सक्सेना ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने आगे भी इसी प्रकार निरंतर प्रयास करते रहने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। इस वर्ष के परिणामों में कक्षा 10वीं के छात्र अंश चन्देल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा 12वीं की छात्रा शिवांगी सिंह ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। डायरेक्टर दिलीप सक्सेना एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अर्जित सक्सेना ने भी सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के निरंतर प्रयासों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



इंटरमीडिएट में आईसीएसई टॉप करने में उपहार देते अभिभावक।



हाईस्कूल में आईसीएसई टॉप करने में मिठाई खिलाते अभिभावक। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### चलती ट्रेन से गिरा युवक घायल, भर्ती

**बिलासपुर।** चलती ट्रेन से गिरकर एक राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। परिजनों के अनुसार घायल हरियाणा में गुरदेव के दर्शन करने के लिए जा रहा था। नगर के डाकखाना रोड पर सरकारी नलकूप के पास रहने वाले सोनू कश्यप की उत्तराखंड के किच्छा में ससुराल है। वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया हुआ था। बताया जाता है कि वहां उसने अपने साले सतीश के साथ हरियाणा जाकर गुरदेव के दर्शन करने का प्रोग्राम बनाया।बृहस्पतिवार सुबह वह लालकुआं रेलवे स्टेशन से पुरानी दिल्ली तक पहुंचने के लिए अपने साले के साथ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सवार हुए। ट्रेन के डिब्बे में वह गेट पर खड़े हो गए।ट्रेन जब स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली थी, तभी अचानक उन्हें चक्कर आ गया और वह चलती ट्रेन में डिब्बे से बाहर पटरियों पर गिर पड़े।

### जौहर विवि में 31 मई तक करें आवेदन

**रामपुर।** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ज़हीरुद्दीन ने कहा कि इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन करें। कहा कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शुल्क रियायत नीति की घोषणा की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, मेधावी एवं वंचित वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मझावली, विकास खंड बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-30.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मझावली, वि. ख बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सपलाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत मझावली
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत मझावली
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल



## कार्यालय ग्राम पंचायत नेहटा, विकास खंड बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-30.04.2026

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नेहटा, वि. ख बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सपलाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत नेहटा
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत नेहटा
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल


## धूमधाम से मनाई बुद्ध पूर्णिमा

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**मिलक।** गुरुवार को वंदना सत्र में बुद्ध पूर्णिमा का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह व संयोजक महेंद्र पाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता मोहर सिंह ने अपने उद्बोधन में भगवान गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व शाक्य गणराज्य की तत्कालीन राजधानी कपिलवस्तु के नजदीक लुंबिनी में हुआ था, जो आजकल नेपाल देश का हिस्सा है।मोहर सिंह ने कहा कि बुद्ध के उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने करुणा, अहिंसा और मध्यम मार्ग का संदेश दिया, जिसे अपनाकर समाज में शांति स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर रामगंगा पर चलाया सफाई अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय



सफाई अभियान चलाते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**सैफनी।** आस्था के पर्व आगामी पूर्णिमा गंगा स्नान को देखते हुए 'नमामि गंगे' अभियान के तहत नगर के रामगंगा घाट पर एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

यह अभियान नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान एवं नमामि गंगे प्रकल्प के जिला संयोजक नरेश कुमार शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। नगर पंचायत कर्मियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए घाट को स्वच्छ और सुगम बनाना है। अभियान के दौरान जल में मौजूद गंदगी, प्लास्टिक और पुराने कपड़ों को बाहर निकाला गया। कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान अरविंद कुमार जोशी सभासद, बालकृष्ण जोशी ,विनोद राजपूत, नगर पंचायत के कर्मठ सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं, नरेश कुमार शर्मा ने आम जनता से भी अपील की कि वे पूजा सामग्री और कूड़ा-करकट सीधे जल में न डालें ताकि हमारी पावन नदियां स्वच्छ बनी रहें।

## तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**स्वार।** पुलिस ने अलग अलग जगहों पर छापामार कार्रवाई कर दो आरोपियों से दो तमंचे एवं दो जीवित कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

थाना स्वार पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि मोहल्ला नौगजा से पहले पुलिया के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी की घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान तीन सौ पन्द्रह बोर का तमंचा एवं एक जीवित कारतूस बारमद कर बब्लू पुत्र सलीम बाबा निवासी मोहल्ला रसूलपुर को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस नगर के मोहल्ला काशीपुर निवासी सहरोज उर्फ जग्गा उर्फ सोनू पुत्र लईक को गांव जालफ नगला मार्ग स्थित मजार के पास से हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 12 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर कोतवाली ले आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है। कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में पांच मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, पशु क्रूरता अधिनियम और आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले शामिल हैं।

### एक नजर

## फीडरों पर लाइनमैन की ड्यूटी लगाए जाने को दिया पत्र

टांडा। वार्ड 10 की महिला सभासद अमीर जहां ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर टांडा नगर के चारों फीडरों पर रात्रि में लाइनमैन की ड्यूटी लगाए जाने की मांग की है। पत्र में कहा कि नगर टांडा में कुल चार फीडर हैं। फीडर नं. 1, 2, 3 एवं 4, इन फीडरों पर तैनात लाइनमैन दिन भर अत्यंत परिश्रम करते हैं और थक-हार कर रात्रि में विश्राम करते हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विद्युत व्यवस्था में निरंतर सुधार हो रहा है ।जिला प्रशासन के सहयोग एवं मार्गदर्शन से टांडा में भी आपूर्ति पहले से काफी बेहतर हुई है ।समस्या तब उत्पन्न होती है जब रात्रि 12 :00 बजे के बाद किसी फीडर का फेज बैठ जाता है या किसी ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ जाती है। ऐसी स्थिति में पूरी रात विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है और कोई सुनवाई नहीं हो पाती। विशेषकर गर्मियों में इससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# अनियमितताएं पाए जाने पर टीम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया सील

### स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से नगर में संचालित अन्य अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों में मची खलबली

- बिलासपुर थाना क्षेत्र का मामला, जांच शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय



अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील के बाद मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बिलासपुर**। अनियमितताएं पाए जाने पर एसडीएम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया है। क्षेत्र में बिना मानकों के धड़ल्ले से अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं। जिस पर सीएमओ लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

जिले में धड़ल्ले से अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं। जिसकी शिकायते लगातार अधिकारियों को मिल रही है। बिलासपुर में भी मिल रही शिकायतों के बाद एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ नगर में संचालित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी की। इस दौरान बिना प्रशिक्षित चिकित्सक और अनियमितताएं पाए जाने पर उसे सील कर दिया। दरअसल क्षेत्र में फर्जी अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड सेंटरों और लैब आदि की बाढ़ सी आई हुई है। बताया जाता है कि बिना किसी डिग्री डिप्लोमा कोर्स किए यह लोग इलाज के नाम पर मोटी रकम तो वसूल रहे हैं, बल्कि जिंदगियों से खिलवाड़ भी कर रहे। बुधवार की दोपहर उप जिलाधिकारी अरूण कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ.पदम सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ अचानक अस्पताल रोड स्थित मेट्रो केयर डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पहुंचें। इसे संचालक और स्टाफ में खलबली मच गई। वही एसडीएम ने टीम के साथ सेंटर का निरीक्षण किया इस जहां प्रशिक्षित चिकित्सक के न मिलने तथा अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अनियमितताएं पाए जाने पर उसे सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेंटर पर सीलिंग की कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु आंख्या जिलाधिकारी को प्रेषित की गई है। गौरतलब हो कि स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से नगर में संचालित अन्य अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों में खलबली मची हुई है। जिसके चलते अधिकांश अल्ट्रासाउंड संचालक अपनी अपनी दुकानें बंद कर भाग निकले।

### पहले भी कई अल्ट्रासाउंड सेंटर किए जा चुके सील

गली मोहल्लों में मानकों को दर किनार करके अल्ट्रासाउंड सेंटर खोले जा रहे हैं। जिसमें आने वाले मरीजों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ।स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से सांठगांठ करके अल्ट्रासाउंड सेंटर से लेकर क्लीनिक तक खोले जा रहे हैं। जिसमें स्टाफ की लापरवाही के चलते लोगों की मौतें हो रही है। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी खामोश है। ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## ‘जनपद में संचालित नहीं होंगे अंपजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटर’

- सीएमओ ने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर**। सीएमओ ने साफ कर दिया है कि जनपद में अपंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों का संचालन नहीं होगा। इसको लेकर टीमों का गठन किया गया है ।बताया कि बिलासपुर में अनियमितताएं पाए जाने पर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर कार्रवाई की है।

इससे पहले बड़ा खास के नर्सिंग होम के बेसमेंट में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन होता मिला साथ ही मौके पर मशीन भी मिली। इस मामले में संचालक, स्टॉफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की तैयारी की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में डॉ.दीपा सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि जनपद में किसी भी दशा में अवैध, बिना पंजीयन के अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं संचालित होने चाहिए। कहा कि यदि कहीं पर भी इस प्रकार के अवैध केंद्र संचालित हो तो उसके बारे में लोग उन्हें सीधा सूचना दे सकते हैं। जनपद में सर्वे कर अवैध, फर्जी डायग्नोस सेंटर पैथोलॉजी नर्सिंग होम आदि को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है।

# डिप्थीरिया : 29,298 बच्चों के लगे टीके

जागरण मोर्चा, कार्यालय



सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में टीकाकरण की जानकारी देते जिला प्रतिरक्षण अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर**। जिले में बच्चों को डिप्थीरिया जैसी बीमारी से बचाने के लिए 20 से 29 अप्रैल तक 29,298 बच्चों का टीकाकरण हो चुका है। इसमें 5 से 6 वर्ष, 10 वर्ष और 16 वर्ष बच्चे शामिल है। टीकाकरण सत्र बुधवार, शनिवार को छोड़कर अन्य दिनों में अभियान संचालित रहा। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अनुसार अभियान की तिथि और आगे बढ़ेगी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. के के चहल ने बताया कि टीकाकरण सत्र संचालित करने माध्यमिक शिक्षा विभाग भी शामिल है। इस अभियान के तहत बच्चों में होने वाली इस गंभीर बीमारी का टीकाकरण अभियान के माध्यम से रोका जा सकता है। डिप्थीरिया के बढ़ते हुए केसों से बचाव को लेकर ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में स्कूल अधारित टीडी टीकाकरण अभियान 20 से 29 अप्रैल तक जारी रहा। अभियान में जिन स्कूलों के बच्चे रह गए है उनका भी टीकाकरण किया जाएगा।

| फैक्ट फाइल | |
|---|---|
| डीपीटी बूस्टर | 5314 |
| टीडी 10 | 20549 |
| टीडी 16 | 3435 |

# जनगणना ड्यूटी में विसंगति को लेकर सौंपा ज्ञापन

- कैशलैस चिकित्सा व अनहोनी होने पर 50 लाख की सहायता राशि की मांग भी उठाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

**रामपुर**। एससीएसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम के नेतृत्व में संगठन ने जनगणना ड्यूटी में विसंगति को लेकर कलेक्ट्रेट में एकत्रित होकर जिलाधिकारी रामपुर के नाम ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम ने बताया कि जनगणना जो कि राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है जिसमें सभी शिक्षक जनगणना ड्यूटी में अपना योगदान देने हेतु तत्पर हैं। परंतु प्रशासन द्वारा 4200, 4600, 4800 ग्रेड पे वाले शिक्षकों को प्रगणक जबकि 2000, 2800 ग्रेड पे वाले लेखपालों व अन्य को सुपरवाइजर बनाया गया है जो कि शिक्षकों के सम्मान के प्रति उचित नहीं है जिससे शिक्षकों में रोष है। इसके अतिरिक्त ज्ञापन में प्रधानाध्यापक,प्रभारी प्रधानाध्यापकों को जनगणना ड्यूटी से पूरी तरह मुक्त रखने की अपील की है। जिससे शिक्षा विभाग के अंतर्गत मिड-डे मील,डी.बी.टी,यू-डायस जैसे कार्य बाधित न हो। इसके अतिरिक्त संगठन द्वारा मांग की गई कि जिन शिक्षकों की एस आईआर के तहत बीएलओ में भी ड्यूटी है ।उसी क्षेत्र में जनगणना में प्रगणक बनाया जाए। जिससे जनगणना कार्य में सहायता मिल सके ।अनेक शिक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र से अलग प्रगणक बनायाहै। जिससे शिक्षकों में रोष है। जनगणना ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर कैशलैस चिकित्सा व अनहोनी होने पर 50 लाख की सहायता राशि की मांग भी संगठन द्वारा रखी गई ।अवकाश के दिनों में जनगणना ड्यूटी के कार्य के बदले शिक्षकों को प्रतिकर अवकाश की व्यवस्था रखी जाए। पति-पत्नी दोनों की जनगणना ड्यूटी की स्थिति में दोनों में से किसी एक को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। ज्ञापन के दौरान एससी,एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से बिंदुओं पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया।

ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार, दिनेश कुमार, जंग बहादुर, मुकेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, ऋषि पाल सिंह, जयवीर सिंह, सत्यपाल सिंह बादल, रोहन सिंह, धर्मवीर सिंह, सरदीप गौतम जिला प्रवक्ता आदि उपस्थित रहे।

## वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे कार्य प्रारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के सर्वे कार्यों के सफल संचालन के लिए जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने के उद्देश्य से नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत यह सर्वे कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सटीक आंकड़ों के संकलन में सहायता मिल सके।

सर्वे कार्य जुलाई 2025 से दिसंबर 2026 तक संचालित किए जा रहे हैं, जो भारत सरकार के सांख्यिकी कार्यक्रम मंत्रालय के अंतर्गत अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन सर्वेक्षणों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाना है ।माह मई 2026 में जनपद के विकास खंड मिलक, चमरौआ एवं स्वार क्षेत्र में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में सर्वे कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पिपलिया रजवाड़ा, बॉस नगली एवं हरदासपुर कोठरा में निर्धारित तिथियों पर सर्वेयरों द्वारा घर-घर जाकर आवश्यक सूचनाएं एकत्र की जाएंगी ।उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों, ग्राम प्रधानों एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों से कहा है कि वे सर्वे कार्य में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें, जिससे सर्वेक्षण कार्य सुचारू एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# किसानों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान नेता। -जागरण मोर्चा

**रामपुर**। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के कई दर्जन कार्यकर्ता प्रदेश सचिव अब्दुल हसन पाशा की नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। यूरिया खाद किसानों को न मिलने की शिकायत पर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट में किसानों ने नारेबाजी करते हुए मनमानी बंद करो। यूरिया,खाद,किसानों को समय से दो जैसे नारे लगाए।

तीन सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ।प्रदेश सचिव अब्दुल हसन पाशा ने कहा कि किसानों को यूरिया खाद पूरी नहीं मिल रही है। सहकारी समितियां पर अधिकारियों का कहना है कि हम रोज 80 कट्टे से ज्यादा वितरित नहीं कर सकते यह सुनकर किसानों में भारी आक्रोश पनप रहा है। खसरा खतौनी के आधार पर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए। यूरिया खाद के कट्टे के साथ बेवजह की दवाई की बोतल यूरिया कट्टे के साथ मिलाकर न दें। प्रदर्शन के दौरान चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए। अन्यथा बड़े आंदोलन को बाध्य होगी। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के सभी पदाधिकारी सहकारी समितियां में जहां यूरिया खाद बिक रहा है। वहां पर जाकर मौके पर गड़बड़ी मिलने पर आला अधिकारियों को और संगठन के पदाधिकारी को अवगत कराया जाए ।ज्ञापन देने वालों में बिलाल खान,शाहरुख मियां, फैजान, दयानंद, बंटी सागर, गुरमीत सिंह, गुरमेल सिंह, जीत सिंह, अजय सिंह, समीर वारसी, फैज वारसी, इसरार पाशा, शाहनवाज पाशा, सोहेल, मोहम्मद जुबैर, फहीम, बब्लू गुरतेज आदि शामिल रहे।

# केन्द्रीय दर्जा मंत्री ने वृक्षारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया

- राम मंदिर निर्माण में बाधा डालने वालों को जनता सिखाएगी सबक: सर्वेश पाठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक के दौरान मौजूद अतिथि। -जागरण मोर्चा

**बिलासपुर**। एक कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सर्वेश पाठक ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन राजनीतिक दलों ने प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाए, उन्हें प्रदेश की जागरूक जनता कभी माफ नहीं करेगी।

बुधवार को वह नगर पालिका के पूर्व सभासद अमित शर्मा के आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे ।कहा कि कुछ दलों की राजनीति केवल विरोध तक सीमित रह गई है, लेकिन जनता अब उनकी सच्चाई समझ चुकी है। समय आने पर जनता इसका करारा जवाब भी देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कार्बन क्रेडिट जैसी योजनाओं पर काम कर रही है, ताकि इसको जन आंदोलन में तब्दील किया जा सके ।इस अवसर पर रानू सिंह, गीता गुप्ता, सतीश शर्मा, अमित यादव,सजल नय्यर, प्रताप कुमार, महेश कुमार, दीपक अग्रवाल, नरेश गिरी, निश्चतर सिंह, अंकित यदुवंशी, रिंकू शर्मा, राजीव कुमार समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# नामित सभासदों को समिति ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



नामित सभासदों को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर**। वीर खालसा सेवा समिति की ओर से नगर पालिका में नामित सभासद मुकेश रस्तोगी पीयूष अजय अरोड़ा विवेक विश्नोई,पूजा को वीर खालसा सेवा समिति की ओर से शॉल व बुके देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि जतिन कुमार जोकि नामित सभासद हुए हैं समाज की सेवा के लिए हमेशा आगे बढ़कर सेवा करेंगे। इन सबको बधाई। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने विधायक आकाश सक्सेना का धन्यवाद किया। कहा सभी नामित सभासद आपके सहयोग से बने हैं। बस सभी समाज कार्यों में समाज की सेवा में आगे रहेंगे। सभी मिलजुल कर आवाम के लिए काम करेंगे। आज इन सभी को समिति की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर वीर खालसा सेवा समिति की ओर से मुख्य अतिथि समाजसेवी जतिन सिडाना का भी सम्मानित किया ।समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गुलशन अरोड़ा, सेवा सिंह, नारायण सिंह, मनिंदर सिंह, वजीर सिंह, कमलजीत सिंह, गुरमीत सिंह, नरेंद्र पाल, लकी सनी कपूर मौजूद रहे।

**आयोजन** प्रदेश स्तर से अतिथियों को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाएगा

# अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं नेतृत्व कौशल के विकास का सशक्त माध्यम बनेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**रामपुर**। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के निमित्त में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश से नियुक्त अभियान प्रभारी पवन शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष, बरेली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं संगठन की मजबूती में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं नेतृत्व कौशल के विकास का सशक्त माध्यम बनेगा ।जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके प्रशिक्षित और जागरूक कार्यकर्ताओं में निहित होती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास और संगठनात्मक क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की कि वे पूर्ण निष्ठा और अनुशासन के साथ इस अभियान में सहभागिता करें तथा इसे बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। जिससे संगठन और अधिक सशक्त हो सके प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन 8 एवं 9 मई को उत्सव पैलेस में किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रदेश स्तर से अतिथियों को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाएगा, जो कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। बैठक में प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं के बीच बांटी गईं, ताकि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा सके ।सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया ।बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक सुभाष भटनागर,अभय गुप्ता, रविंद्र सिंह रवि, जग पाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, विकास दीक्षित, प्रदीप गुप्ता, विवेक रुहेला, पारुल अग्रवाल , करतार सिंह लोधी, कुंवर बहादुर राजपूत, दीपक गुप्ता, पवन कुमार, पंकज सैनी, रघुवीर सिंह जाटव, पवन शर्मा, पंकज सैनी, प्रमोद आहूजा, अशोक विश्नोई, विवेक विश्नोई, शुभम सक्सेना ,कपिल गुप्ता, विक्रम सिंह, पूजा शर्मा, भव्य उप्पल, योगेंद्र गंगवार, टेकचंद गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बाल श्रम के प्रति जागरुकता फैलाने का किया आह्वान

**चन्दौसी।** बाल श्रम विरोधी दिवस पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड व वूमेन एरा द्वारा संयुक्त रूप सीता रोड पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल श्रम के प्रति जागरुकता फैलाना तथा बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी देना था। सदस्यों ने बाल श्रम के दुष्परिणामों की जानकारी दी। बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया गया तथा अभिभावकों को प्रेरित गया कि वह अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यालय भेजे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में जागरुकता बढ़ी और कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया। जायन्ट्स ग्रुप द्वारा यह प्रयास समाज के लिए एक सकारात्मक कदम है। बाल श्रम को समाप्त करने के लिए इस प्रकार की गतिविधियां निरंतर जारी रहनी चाहिए। इस अवसर पर क्षमा अग्रवाल, डा. सुधा चौधरी, अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल, अलका मंगलम, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, वंदना गुप्ता, प्राची अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रिशु अग्रवाल, गीताली अग्रवाल, वर्षा गोयल, पल्लवी भारद्वाज, प्रियांशी अग्रवाल आदि रहे।

# आईसीएसई व आईएससी बोर्ड का परीक्षाफल घोषित

## विद्यालय पहुंचे स्कूली बच्चों ने मनाई खुशी, प्रधानाचार्य ने खिलाई मिठाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूट का हाईस्कूल आईसीएसई बोर्ड व इंटरमीडिएट आईएससी बोर्ड का परीक्षा घोषित होने पर परीक्षार्थियों में खुशी की लहर फैल गई। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के वाद विद्यार्थियों विद्यालय पहुंचे और साथ मिलकर खुशी मनाई। विद्यालय की प्रधानाचार्य व शिक्षिक-शिक्षकों ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। हाईस्कूल में आकर्षी वार्ष्णेय 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय में टाप किया है। वहीं इंटरमीडिएट में मुस्कान यादव, रिषभ वार्ष्णेय व लक्ष्य प्रताप सिंह ने 96.5 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में टाप किया है। इसके अलावा हाईस्कूल में दूसरे स्थान पर कुशाग्र अग्रवाल ने 96.5 प्रतिशत, सुमेघा अग्रवाल 95.8 प्रतिशत, आराव जौहरी ने 95.6 प्रतिशत, अधीरा सक्सेना 94.6 प्रतिशत किए। इसके अलावा इंटरमीडिएट में पुरुषार्थ राना ने 95.25 प्रतिशत, रिया यादव ने 93.50 प्रतिशत, प्रियांशी शर्म ने 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर टेरेसा ने मेधानियों को मिठाई खिलाकर शुभकामना दी। विद्यालय पहुंचे स्कूली बच्चों ने खूब मस्ती की और एक-दूसरे से मिलकर खूब बातें की। विद्यार्थियों की सफलता पर परिवार में भी खुशी का माहौल है बना है।



विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ खुशी मनाते मेधावी विद्यार्थी। -जागरण मोर्चा



छात्रा मुस्कान यादव को मिठाई खिलातीं मां व साथ बैठे भाई। -जागरण मोर्चा

### चिकित्सक बनना चाहतीं हैं मुस्कान

**चन्दौसी।** सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में इंटरमीडिएट आईएससी बोर्ड में 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मुस्कान यादव ने विद्यालय में टॉप किया है। मुस्कान बड़े होकर चिकित्सक बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। उनके पिता विनोद कुमार बैंक में सर्विस करते हैं। जबकि मां ममता यादव गृहणी है। मुस्कान नीट की तैयारी में जुटी है। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को देती है।

### चिकित्सक बना चाहती हैं आकर्षी

**चन्दौसी।** सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में हाईस्कूल आईसीएसई बोर्ड में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आकर्षी वार्ष्णेय ने विद्यालय में टॉप किया है। आकर्षी बड़े होकर चिकित्सक बनाना चाहती हैं। वह नीट की तैयारी में जुटी है। छात्रा के पिता प्रमोद कुमार वार्ष्णेय स्वास्थ्य विभाग में फार्मेसिस्ट के पद पर तैनात है। जबकि उनकी मां प्रीति वार्ष्णेय शिक्षा विभाग में शिक्षिका के पद पर है। छात्रा की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है।




मुस्कान यादव 96.5%।




कैशव वार्ष्णेय 96.5%।




लक्ष्य प्रताप सिंह 96.5%।




दर्पण वार्ष्णेय 95.75%।




पुरूषार्थ राना 95.25%।




आर्कषी वार्ष्णेय 97.4%।




कुशाग्र अग्रवाल 96.5%।




सुमेधा अग्रवाल 95.8%।

# बारिश-ओलों से मौसम में सुधार



स्टेशन रोड पर बारिश के बाद जलभराव से गुजरते लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** आधा घंटे झमाझम बारिश व ओले पड़ने से मौसम सुहावना हो गया। कुछ स्थान पर खड़ी गेहूं को फसल को नुकसान होने के साथ अन्य फसलों को बारिश से लाभ पहुंचा है। वहीं बारिश होने से नागरिकों ने कई दिन से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है। गुरुवार की सुबह से ही तेज धूप के साथ गर्मी होने से लोग बेहाल बने थे। दोपहर को भी पारा हाई था। शाम होते ही आसमान में काले बादल छाने के बाद तेज हवा व बिजली कड़कने के बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश की बूंदों के साथ ओले पड़ने लगे। करीब आधा घंटे हुई झमाझम बारिस से लोगों ने भीषण गर्मी से काफी राहत महसूस की। बारिश होने के बाद मौसम सुहावना हो गया। कुछ स्थानों पर लोगों ने भीगकर बारिश का आनंद लिया। वहीं बारिश व ओले पड़ने से कुछ स्थानों पर खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। इसके अलावा मेंथा, ईख आदि फसल को बारिश से लाभ पहुंचा है।

# मंदिरों के पुजारी को 40 हजार रुपये वेतन व भत्ता दिया जाए: श्याम कृष्ण

जागरण मोर्चा कार्यालय

# सम्यक दृष्टि प्रदाता बुद्ध और बोध गया

बैशाख पूर्णिमा को मनाये जाने वाली बुद्ध पूर्णिमा विश्वभर में फैले बौद्ध अनुयायियों के लिए विशेष महत्व रखती है। लगभग 500 ईसा पूर्व उरुवेला नामक एक छोटे से गाँव में कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन के पुत्र राजकुमार सिद्धार्थ ने फल्गु नदी के किनारे बोधिवृक्ष तले कठिन तपस्या की। उन्हें जिस दिन इस स्थान पर ज्ञान की प्राप्ति हुई वह बैशाख पूर्णिमा ही थी। अपने असाधारण दिव्य ज्ञान के कारण सिद्धार्थ बुद्ध कहलाये। इसी कारण विश्वभर में यह दिवस बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। यह अकारण नहीं कि बुद्ध सम्पूर्ण जगत के लिए जिज्ञासा का केन्द्र रहे हैं। उनका अष्टांग मार्ग अर्थात सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प , सम्यक वाक, सम्यक कर्म, सम्यक जीविका, सम्यक प्रयास, सम्यक स्मृति औश्र सम्यक समाधि संसार को विवेक, वैराग्य और शांति के पथ पर अग्रसर करता है। उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकाश स्तम्भ के समान है इसलिए यह कोई आश्चर्य नहीं कि भारत भूमि से आरंभ होकर बौद्ध दर्शन विश्व के बहुत बड़े भाग पर छा गया। कुछ विचारकों का मत है कि जिन देशों ने तथागत के मार्ग को स्वीकार किया वे आपेक्षाकृत विकास को प्राप्त हुए। अपने सहज, सरल संदेशों के कारण बुद्ध भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में बहुत लोकप्रिय हुए। उनकी सर्वकालिक शिक्षाएं आज के परिवेश में भी प्रासंगिक है। उन्होंने अपने शिष्यों को सिखाया, 'हजारों खोखले शब्दों से अच्छा एक शब्द वह है जो आपके जीवन में शांति ले आता है। अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, सिर्फ अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित रखने का



प्रयास करो। जिस प्रकार मोमबत्ती बिना आग के नहीं जल सकती, ठीक उसी प्रकार मनुष्य भी आध्यात्मिक जीवन के बिना नहीं जी सकता है। तीन चीजें ज्यादा देर तक नहीं छुप सकती हैं: सूरज, चंद्रमा और सत्य। अपने मोक्ष के लिए खुद ही प्रयत्न करना चाहिए, इसके लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहें। आपका स्वास्थ्य ईश्वर का सबसे बड़ा उपहार है, संतोष सबसे बड़ा धन और विश्वास सबसे बेहतर उपलब्धि है। सत्य के मार्ग पर चलते हुए आप से दो ही प्रकार की गलतियां होती हैं- एक आप पूरा रास्ता न तय करें और दूसरे आप शुरुआत ही न करें। शक से भयावह कुछ भी नहीं है। शक ऐसे जहर के समान है जो मित्रता खत्म करता है और अच्छे रिश्तों को तोड़ता है। यह एक ऐसा कांटा है जो आपको ही चोट पहुंचाता है। क्रोध को पालना उसी समान है जैसे गर्म कोयले को किसी और पर फेंकने के लिए आपके हाथ पहले जख्मी होते हैं। अपने मोक्ष के लिए स्वयं प्रयत्न करें, दूसरों पर निर्भर न रहें।' पिछले दिनों बोध गया जाने का अवसर मिला। गया से 18 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग 83 पर स्थित बोधगया एक प्राचीन नगर है। तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मौर्य साम्राज्य के शक्तिशाली शासक सम्राट अशोक ने बोध गया का दौरा कर महाबोधि मंदिर का निर्माण कराया। उन्हीं के प्रयासों से बोधगया प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हुआ। आज पूरे विश्व के बौद्ध श्रद्धालु एवं पर्यटक महाबोधि मंदिर के दर्शनार्थ यहां आते हैं। बोधगया में प्रवेश करते ही चहूं ओर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शन होते हैं। विशेष यह कि यहां चीन, जापान, कोरिया, ताइवान आदि देशों के यात्री निवास, विश्रामगृह उनके देश की स्थापत्य शैली से साक्षात्कार कराते हैं। यहां अनेक मठों और ध्यान केंद्र हैं जहां श्रद्धालु आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल हो बौद्ध धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। वाहनों को पुलिस पोस्ट से पूर्व ही पार्किंग करना होता है। वहां से महाबोधि मंदिर तक लगभग आधा किमी की दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। महाबोधि मंदिर परिसर के भव्य प्रवेशद्वार पर कड़ी जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति है। अंदर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। लगभग हर बौद्ध श्रद्धालु आपने हाथ में सुंदर फूलों का महंगे गुलदस्ते लिए परिसर में प्रवेश पाता है लेकिन ये फूल तथागत तक नहीं पहुंचते। इन बहुमूल्य गुलदस्तों को श्रद्धालुजन महाबोधि मंदिर के चारो ओर इस तरह रखते हैं कि हर तरफ रंग-बिरंगें फूल की छटा और मोहक सुगंध एक अलग अनुभूति प्रदान करते हैं। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में संरक्षित महाबोधि मंदिर का मनोहरम् दृश्य विश्वबंधुत्व से साक्षात्कार करता है। इस परिसर तथा बाहर भी स्थान-स्थान पर विभिन्न देशों के बौद्ध भिक्षु ध्यान मुद्रा में बैठे दिखाई देते हैं। उनकी हाथ में प्रार्थना की पुस्तकें किसी एक भाषा नहीं अपितु हर श्रद्धालु की अपनी भाषा में मिलती है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुजन पवित्र बोधि वृक्ष के दर्शन करते हैं जिसके तले वज्रासन (हीरे का सिंहासन) है। चारों ओर स्टील के मजबूत सरियों से सुरक्षित इस बोधिवृक्ष को उसी वृक्ष का वंशज माना जाता है जिसके नीचे बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। इसे स्पर्श करने की अनुमति नहीं है अतः बौद्ध भक्त दर्शन करते हुए आगे बढ़ते हैं जहां मंदिर में भगवान बुद्ध की स्वर्ण प्रतिमा विराजमान है। इस दिव्य आभा वाले स्थल में कभी बौद्ध साहित्य का अध्ययन करते हुए पढ़ा वह पद्य स्मरण हो उठा- को नु हासो किमानन्दो निच्चं पज्जलिते सति। अंधकारेन ओनद्धा पदीपं न गवेसथ।। धम्मपद में दिए गए इस श्लोक के अनुसार- यह हँसना कैसा? यह आनंद कैसा? जब नित्य ही चारों ओर आग लगी है। संसार उस आग में जला जा रहा है। तब अंधकार में घिरे हुए तुम लोग प्रकाश को क्यों नहीं खोजते? महाबोधि मंदिर परिसर में फोटोग्राफी की अनुमति नहीं है। दर्शन के बाद जब हम लौट रहे थे तो विशेष परिधान में विभिन्न देशों की एक टोली विचित्र संगीत वाद्य लिये मंदिर परिसर में प्रवेश कर रही थी। उससे अनुमान हुआ कि वहां संगीतमय प्रार्थना आदि भी की जाती है।

■ डा. विनोद बब्बर

## जनगणना केवल आंकड़ा नहीं

डिजिटल युग में जब मनुष्य अपनी उपस्थिति मोबाइल स्क्रीन पर दर्ज कराता हुआ स्वयं को प्रमाणित करता फिरता है, तब जनगणना जैसी परंपरागत प्रक्रिया का भी रूपांतरण होना स्वाभाविक था। भारत की आगामी जनगणना 2027 इसी परिवर्तन का जीवंत उदाहरण है, जिसमें पहली बार नागरिकों को स्वयं अपने घर और परिवार का विवरण भरने की सुविधा दी गई है। यह सुविधा केवल एक तकनीकी प्रयोग नहीं बल्कि प्रशासनिक सोच में आए बदलाव का संकेत है, जहाँ नागरिक केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि कर्तव्य परायण सक्रिय सहभागी बनता है। स्व गणना की यह प्रक्रिया मूलतः इस विचार पर आधारित है कि व्यक्ति अपने घर की परिस्थितियों को सबसे बेहतर जानता है, इसलिए वह स्वयं ही उसे दर्ज करे। इसके लिए सरकार ने se.census.gov.in नामक पोर्टल विकसित किया है जहाँ कोई भी नागरिक अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी भर सकता है। इस प्रक्रिया का समय सामान्यतः पंद्रह से बीस मिनट का बताया गया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि इसे सरल और सहज रखने का प्रयास किया गया है। प्रक्रिया की शुरुआत एक साधारण पंजीकरण से होती है। व्यक्ति पोर्टल पर जाकर अपना मोबाइल नंबर दर्ज करता है जिसके बाद उसे एक ओटीपी प्राप्त होता है। यह ओटीपी केवल तकनीकी औपचारिकता नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने का माध्यम है कि दर्ज की जा रही जानकारी किसी वास्तविक व्यक्ति द्वारा दी जा रही है। ओटीपी के सत्यापन के बाद व्यक्ति अपने राज्य, जिला और पते का चयन करता है, और यहीं से वह प्रशासनिक मानचित्र में अपनी उपस्थिति अंकित कर देता है। इसके बाद जो प्रक्रिया प्रारंभ होती है, वह वस्तुतः एक संवाद है जिसमें सरकार नागरिक से उसके घर के बारे में प्रश्न पूछती है। यह प्रश्न केवल दीवारों और छतों तक सीमित नहीं होते बल्कि घर में उपलब्ध सुविधाओं, जैसे बिजली, पानी, शौचालय, इंटरनेट, और अन्य संसाधनों तक फैल जाते हैं। लगभग तैंतीस प्रश्नों के माध्यम से एक घर का सामाजिक और आर्थिक स्वरूप उभरकर सामने आता है । यही वह क्षण है जहाँ एक साधारण नागरिक अनजाने में ही नीति निर्माण की नींव रख रहा होता है। सभी प्रश्नों के उत्तर वैकल्पिक उत्तरों सहित हैं। जब सभी विवरण भर दिए जाते हैं, तब अंतिम चरण आता है जिसे हम समापन नहीं, बल्कि एक नए भरोसे की शुरुआत कह सकते हैं। विवरण जमा करते ही एक विशेष पहचान संख्या मिलती है, जिसे एस ई आई डी कहा जाता है। यह संख्या केवल एक कोड नहीं बल्कि उस परिवार की डिजिटल पहचान है। बाद में जब गणनाकर्मी घर पर आते हैं, तो केवल इसी आईडी के माध्यम से जानकारी का सत्यापन हो जाता है और पुनः विवरण देने की आवश्यकता नहीं रहती। इससे जनगणना कर्मी का समय और श्रम बचता है। इस पूरी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि स्व गणना पारंपरिक गणना का विकल्प नहीं बल्कि उसका पूरक है। यदि कोई व्यक्ति यह प्रक्रिया नहीं करता, तो भी गणनाकर्मी घर आकर जानकारी एकत्र करेंगे लेकिन जो व्यक्ति स्वयं यह प्रक्रिया पूरी कर लेता है, वह न केवल समय बचाता है बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था को भी अधिक प्रभावी बनाता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि यह पहल केवल सुविधा का विस्तार नहीं है बल्कि एक व्यापक परिवर्तन का संकेत है।

■ विवेक रंजन श्रीवास्तव

## स्वास्थ्य योजनाओं से मिलता बेहतर इलाज

आयुष्मान भारत योजना भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ा संरचनात्मक बदलाव लेकर आई है। श्रीमद्भगवद गीता (6.17) के अनुसार, स्वस्थ जीवन के लिए सही आहार, नियमित नींद, संतुलित दिनचर्या, और कर्मयोग आवश्यक है। स्वास्थ्य योजनाएं केवल इलाज की सुविधा नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता का मजबूत आधार बन रही हैं भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का स्वरूप बीते कुछ वर्षों में तेजी से बदला है। कभी इलाज का खर्च गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों को कर्ज और आर्थिक संकट में धकेल देता था, लेकिन अब सरकारी योजनाओं ने इस बोझ को काफी हद तक कम करने का प्रयास किया है। हर वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जाने वाला आयुष्मान भारत दिवस इसी बदलाव का प्रतीक है, जो देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के नए दौर को दर्शाता है। आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत 23 सितंबर 2018 को हुई थी। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का कैशलेस और पेपरलेस इलाज दिया जाता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें परिवार के आकार, आयु या लिंग की कोई सीमा नहीं है, जिससे यह योजना अधिक समावेशी बनती है। आज यह दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना मानी जाती है और देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को कवर करने का लक्ष्य रखती है। यदि इसके प्रभाव को आंकड़ों में समझें, तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। मार्च 2026 तक 43.52 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके थे। वर्ष 2024-25 में ही इस योजना के माध्यम से लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपए के इलाज खर्च से लोगों को राहत मिली है। भारत सरकार ने 2026 में 15 जनवरी से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। इस दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 'वय वंदना कार्ड' के माध्यम से शामिल करना एक महत्वपूर्ण पहल रही है। भारत में स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने में राज्यों की योजनाओं की भी अहम भूमिका रही है। विभिन्न राज्यों ने अपनी परिस्थितियों के अनुसार मुफ्त या कैशलेस इलाज की योजनाएं शुरू की हैं, जो आयुष्मान भारत के साथ मिलकर एक व्यापक सुरक्षा कवच तैयार करती हैं।

# भगवान नृसिंह : श्रीहरि के दिव्य अवतार

संसार में जब भी अधर्म और आसुरी शक्तियों का प्रकोप बढ़ता है और भक्त संकट में होता है, तब भगवान स्वयं किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु ने भी इस हेतु अपनी "लीलाओं" में कई अवतार लिए हैं। नृसिंह जयंती एक ऐसी महान कथा की याद दिलाती है जब भगवान विष्णु ने आधा मानव और आधा सिंह का रूप धारण कर अपने परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए हिरण्यकश्यप जैसे राक्षस का वध किया था। इस दिन को भगवान विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह के प्रकट होने अर्थात उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के अटूट संबंध की विजय का प्रतीक भी है। प्रत्येक वर्ष वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को भगवान श्रीनृसिंह जयंती मनाई जाती है। इस मौके पर सभी भक्त नृसिंह जी का स्मरण कर व्रत उपवास एवं पूजन अर्चन करते हैं। भक्त और भगवान के बीच अटूट संबंध का प्रतीक नृसिंह जयंती की कथा के बारे में पौराणिक ग्रंथों में वर्णन है कि प्राचीन काल में कश्यप नामक ऋषि हुए। उनकी पत्नी का नाम दिति था। उनके दो पुत्र हुए, जिनमें से एक का नाम 'हरिण्याक्ष' तथा दूसरे का नाम हिरण्यकश्यप था। हिरण्याक्ष को भगवान विष्णु ने पृथ्वी की रक्षा हेतु वराह रूप धरकर मार दिया था। तब अपने भाई कि मृत्यु से दुखी और क्रोधित हिरण्यकश्यप ने स्वयं को भगवान विष्णु के प्रकोप से बचाने एवं अपने भाई की मृत्यु का प्रतिशोध लेने के लिए अजेय होने का संकल्प किया। तब हिरण्यकश्यप ने कठिन तपस्या द्वारा ब्रह्मा को प्रसन्न करके यह वरदान प्राप्त कर लिया कि "न वह किसी मनुष्य द्वारा मारा जा सकेगा न पशु द्वारा। न दिन में मारा जा सकेगा न रात में। न घर के अंदर न बाहर। न किसी अस्त्र के प्रहार से और न किसी शस्त्र के प्रहार" से उसका संहार नहीं किया जा सकेगा। यह वरदान प्राप्त करके उसने स्वर्ग पर अधिकार कर लिया तथा अहंकार में चूर हिरण्यकश्यप प्रजा पर अत्याचार करने लगा। इसी दौरान हिरण्यकश्यप की पत्नी कयाधु ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका नाम 'प्रह्लाद' रखा गया। एक राक्षस कुल में जन्म लेने के बाद भी प्रह्लाद में राक्षसों जैसे कोई भी दुर्गुण मौजूद नहीं थे। प्रह्लाद भगवान नारायण का भक्त था। उसकी प्रजा भी अब भगवान विष्णु की पूजा करने लगी थी। तब हिरण्यकश्यप ने



भगवान-भक्ति से प्रह्लाद का मन हटाने और उसमें अपने जैसे दुर्गुण भरने के लिए बहुत प्रयास किए, किंतु प्रह्लाद अपने भक्ति मार्ग से विचलित न हुए। सभी प्रयासों में असफल होने पर क्षुब्ध हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को अपनी बहन होलिका की गोद में बैठाकर जिन्दा ही जलाने का प्रयास भी किया। होलिका को यह वरदान प्राप्त था कि अग्नि उसे नहीं जला सकती परंतु जब प्रह्लाद को होलिका की गोद में बिठा कर अग्नि में डाला गया तो उसमें होलिका तो जलकर राख हो गई, किंतु प्रह्लाद का बाल भी बाँका नहीं हुआ। इस घटना को देखकर हिरण्यकश्यप क्रोध से भर गया। एक दिन हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद से पूछा कि "तेरा भगवान कहाँ है?" इस पर प्रह्लाद ने विनम्र भाव से कहा कि "प्रभु तो सर्वत्र हैं, हर जगह व्याप्त हैं।" क्रोधित हिरण्यकश्यप ने कहा कि "क्या तेरा भगवान इस स्तम्भ में भी है?" जब प्रह्लाद ने हाँ में उत्तर दिया,तो यह सुनकर क्रोध में हिरण्यकश्यप ने खंभे पर प्रहार कर दिया। तब अपने परम भक्त प्रह्लाद की रक्षार्थ एवं हिरण्यकश्यप के संहार हेतु खंभे को चीरकर श्रीनृसिंह भगवान प्रकट हो गए। अत्यंत क्रोध और उग्र स्वरूप में भगवान नृसिंह ने हिरण्यकश्यप को पकड़कर अपनी जाँघों पर रखकर उसकी छाती को नखों से फाड़ डाला और उसका वध कर दिया। देवताओं ने श्रीहरि के इस उग्र रूप को शांत करने के लिए नारद जी को भेजा। नारद जी ने भक्त प्रह्लाद से अनुरोध किया। भगवान नृसिंह ने प्रह्लाद को अपनी गोद में बिठाकर दुलार किया और उनका उग्र रूप शांत हो गया। भगवान विष्णु के इस चतुर्थ अवतार में भक्ति की पीड़ा को जान और समझ कर भगवान को उसकी रक्षा के लिए स्वयं अवतार हेतु विवश कर दिया।

■ प्रदीप कुमार वर्मा

## महिला ने खाया जहर, 5 दिन बाद मौत, पड़ोसी युवक पर उत्पीड़न का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के बीकेटी थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में एक 30 वर्षीय महिला की कीटनाशक दवा खाने से मौत हो गई। वहीं महिला ने कथित तौर पर पड़ोसी युवक द्वारा परेशान किए जाने के बाद यह कदम उठाया लिया। वहीं मृतका की पहचान निशा (30) के रूप में हुई है, जिसकी शादी वर्ष 2012 में संदीप से हुई थी। परिवार में उनके दो बच्चे, बेटा सत्यम और बेटी पूर्वी हैं। परिवार मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है। परिवारजनों का आरोप है कि पड़ोसी युवक लगातार निशा को फोन कर मिलने का दबाव बना रहा था। निशा के भाई मंजीत ने बताया कि सुरेंद्र नामक युवक की हरकतों से निशा काफी परेशान थी। गुरुवार को उसने घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। पांच दिन के इलाज के बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं बीकेटी पुलिस का कहना है कि उन्हें अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बीकेटी में गोदाम में लगी भीषण आग, फायर विभाग की टीम ने आग पर पाया काबू, पुलिस मौके पर पहुंची

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र स्थित नंदना गांव में एक सेनेटरी गोदाम में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। वहीं यह गोदाम कॉलोनी के अंदर बना हुआ था और शाम लगभग 5 बजे घर से धुआं निकलता देख लोगों को आग लगने का पता चला,तभी इलाके में अफरा-तफरी मच गई और सूचना मिलते ही फायर विभाग की एक गाड़ी और एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई। वहीं बीकेटी के एफ.एस.ओ प्रशांत साहू ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां, एक एम्बुलेंस और स्थानीय बीकेटी पुलिस पहुंची, उन्होंने पुष्टि की कि आग पर नियंत्रण पाने की कोशिश कर आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

## डीपीआरए के नेतृत्व की बड़ी जीत,फार्मासिस्टों की समस्याओं पर शासन के साथ 06 मई को होगी उच्चस्तरीय वार्ता

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन (उ्ढफ्अ) की लंबित मांगों और विभागीय समस्याओं के समाधान की दिशा में एक निर्णायक सफलता मिली है। राजीव कुमार कनौजिया (प्रांतीय प्रवक्ता, उत्तर प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष, डीपीआरए लखनऊ) ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप शासन ने वार्ता के लिए सहमति दे दी है।?महानिदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा जारी पत्र के अनुसार, एसोसिएशन की मांगों पर विचार-विमर्श हेतु आगामी 06 मई 2026 को सायं 04:30 बजे, सचिवालय स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इस उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग करेंगे।राजीव कनौजिया ने प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के स्तंभों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जे.के. सचान (प्रदेश अध्यक्ष, उ्ढफ्अ)के ओजस्वी और दूरदर्शी नेतृत्व ने प्रदेश के समस्त फार्मासिस्टों को एक सूत्र में पिरोया है। उनकी अडिग कार्यशैली और नीतिगत सूझबूझ के कारण ही आज शासन स्तर पर संगठन का मान बढ़ा है और हमारी मांगों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

सम्मानित महामंत्री प्रशासनिक पकड़ और निरंतर सक्रियता ने विभागीय बाधाओं को दूर करने में मुख्य भूमिका निभाई है। उनके द्वारा प्रस्तुत सटीक तथ्यों और प्रभावी पैरवी का ही परिणाम है कि आज शासन निर्णायक वार्ता के लिए तैयार हुआ है।प्रांतीय प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि डीपीआरए (उ्ढफ्अ) का प्रतिनिधिमंडल जे.के. सचान जी और महामंत्री अके नेतृत्व में पूरी मजबूती और साक्ष्यों के साथ बैठक में अपना पक्ष रखेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि शासन के साथ इस सीधे संवाद से संवर्ग की पदोन्नति, वेतन विसंगति और अन्य लंबे समय से लंबित विषयों पर ऐतिहासिक निर्णय लिए जाएंगे।?राजीव कुमार कनौजिया ने अंत में कहा कि यह सफलता प्रदेश के हजारों फार्मासिस्टों के विश्वास और हमारे नेतृत्व की अटूट मेहनत का परिणाम है। शासन का यह सकारात्मक रुख स्वागत योग्य है।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर होगा धरना

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का 02 मई, 2026 को प्रदेश की सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर धरना होगा।धरना के समापन अवसर पर प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं की समस्याओं से युक्त ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। इसी के साथ जिला संगठन द्वारा जनपद स्तरीय समस्याओं का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा. आर.पी. मिश्र, महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिला मंत्री महेश चंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री को प्रेषित किए जाने वाले ज्ञापन में चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 एवं 21 की वापसी, पुरानी पेंशन की बहाली, वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन दिए जाने, 22 मार्च, 2016 की राजाज्ञा से आच्छादित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिए जाने, वंचित तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण आदि प्रमुख मांगे सम्मिलित है। जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित किए जाने वाले जनपद स्तरीय ज्ञापन में विशेष कैम्प के माध्यम से शिक्षकों के अवशेषों की अनुमन्यता एवं भुगतान, एनपीएस के खातों को अपडेट किया जाना तथा एनपीएस के सेवानिवृत शिक्षकों को पेंशन एवं अन्य देयकों का भुगतान, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान की स्वीकृति आदि प्रमुख मांगे सम्मिलित हैं।शिक्षक नेताओं ने बताया कि लखनऊ में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर मध्यान्ह 12:00 बजे से धरना होगा एवं धरना के समापन अवसर पर सायं 3:00 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। इसी के साथ जनपद स्तरीय समस्याओं का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक तथा वित्त एवं लेखाधिकारी को प्रेषित किया जाएगा।

# विधानसभा में मुस्लिम आरक्षण पर हंगामा; बोले-भीख नहीं चाहिए; योगी ने कहा- इनके पास कालिख मिटाने का मौका था

**एजेंसी समाचार**




**लखनऊ।** विधान परिषद में विपक्ष ने महिला बिल पर पलटवार किया। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि परिसीमन विधेयक को महिला आरक्षण का नाम देकर भाजपा गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि जब 33 फीसदी महिला आरक्षण वर्ष 2023 में सदन से पारित हो गया जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकृति दे दी। 16 अप्रैल 2026 को एक्ट भी बन गया। अब कह रहे हैं कि सपा विरोध कर रही है।

लाल बिहारी ने कहा कि विपक्ष ने सत्ता पक्ष के साथ मिलकर महिला बिल को पारित कराया तो क्या 33 फीसदी आरक्षण भाजपा ने लागू किया। उन्होंने कहा कि ये परिसीमन विधेयक है, जिसे भाजपा महिला बिल का नाम दे रही है।

उन्होंने कहा कि 33 फीसदी आरक्षण में पिछड़ी, दलित और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह को धन्यवाद दीजिए, जिनके फैसलों की वजह से आज पंचायतों और प्रधानों में महिलाओं को जगह मिली है।

ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने विधेयक गिराने का विरोध करते हुए कहा कि इसे पारित न करने का कोई औचित्य नहीं था। उन्होंने कहा कि आजादी के समय आबादी 33 करोड़ थी। आज 140 करोड़ है लेकिन संसद और विधान सभा और विधान परिषद में सीटें नहीं बढ़ीं।

राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के मंत्री जर्मन तानाशाह हिटलर के प्रचार मंत्री गार्बल्स की तरह काम कर रहे हैं। वर्ष 2026 का बिल परिसीमन का है और सरकार संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

उन्होंने कहा कि यूपी में रोज दुष्कर्म हो रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कभी महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया। उन्होंने सत्ता पक्ष से कहा कि आरएसएस का प्रस्ताव ले आए और सभी उसे पढ़ रहे हैं। इस पर जमकर हंगामा हुआ। फिर बोले कि वर्ष 2027 में विपक्ष में आ जाएंगे तो चूं भी नहीं कर पाएंगे।

महिला बिल का विरोध करने पर विधान परिषद में महिला सदस्यों ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि जब बिल पेश किया गया तो उम्मीद नहीं थी कि ये पारित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं विपक्ष के इस कृत्य तो कभी माफ नहीं करेंगी क्योंकि नारी सबकुछ भूल सकती है लेकिन अपमान नहीं भूलती।

विपक्ष से सवाल किया कि आप लोग क्या मुंह लेकर चुनाव में जाएंगे। विपक्ष पर महिला अधिकारों की भ्रूण हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि वे परिवारवादी हैं और उन्हें डर है कि बाहर की महिलाएं सदन पहुंच जाएंगी।

आरोप लगाया कि पवित्र यज्ञरूपी बिल में विपक्ष ने हड्डियां डाली हैं, जिसपर देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। वंदना वर्मा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल शब्दों की व्याख्या से न करें बल्कि व्यवस्था में भी दिखाई देना चाहिए। रमा रंजन ने विपक्ष के इस कृत्य की निंदा की।

उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने विधान परिषद में कहा कि 16-17 अप्रैल को लोकसभा में सपा-कांग्रेस ने महिला बिल का विरोध करके देश के सामने अपनी सोच बता दी। इनका दोहरा चरित्र पूरा देश देख रहा था। इन्होंने न सिर्फ बिल गिराया बल्कि महिलाओं के न्याय, हक व उनकी आकांक्षाओं को भी गिराने का काम किया है। महिलाएं पूछ रहीं हैं कि क्या वे सक्षम नहीं हैं? पहले मुगलों और अब सपा-कांग्रेस ने महिलाओं के हक को कमजोर करने का काम किया है।

ग्राम विकास विभाग की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि देशभर की महिलाओं ने 17 अप्रैल का काला दिन देखा है। महिलाओं के प्रति विपक्ष में कोई संवेदना नहीं है। नेता विपक्ष राहुल गांधी तो सदन में जादूगर की कहानी सुना रहे थे।

यह लोग महिला बिल गिराकर खुशी मना रहे थे। हमें भीख नहीं अधिकार चाहिए। महिलाएं अगले चुनाव में वोट की ताकत से इसका जवाब देंगी। पीडीए की बात करने वाले विपक्ष की सोच महिला विरोधी है। असली पीडीए तो इधर है।

महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि महिलाएं संसद जाएंगी तो अपनी बात खुद रख सकेंगी। जनगणना शुरू हो चुकी है। परिसीमन से महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। इसमें विपक्ष का कोई नुकसान नहीं था। उन्होंने कहा कि आधी आबादी की कोई जाति नहीं होती, चाहे वो हिन्दू हो या मुसलमान। सपा सदस्यों से कहा कि महिलाएं आने वाले समय में वोट के अधिकार से उन्हें जवाब देंगी।

विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस जैसे दल जन्मजात महिला विरोधी हैं। ये गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। जब भी सपा को प्रदेश में सत्ता मिली, महिलाओं पर अत्याचार और क्रूर घटनाओं ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। स्टेट गेस्ट हाउस कांड हो या अन्य महिला संबंधी अत्याचार, इनकी छवि जगजाहिर है। इनके पास कालिख मिटाने का अच्छा अवसर था।

वे नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक में सहयोग कर अपनी महिला-विरोधी छवि बदल सकते थे, लेकिन उन्होंने यह मौका भी गंवा दिया। उन्होंने सपा और कांग्रेस के सदस्यों से कहा कि अगर इनमें नैतिक साहस है तो चर्चा में भाग लें और स्पष्ट बताएं कि उन्होंने नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक का विरोध क्यों किया? इस विरोध के पीछे उनकी मंशा क्या थी?

अगर उन्हें लगता है कि उनके नेताओं ने गलत किया है तो इनका दायित्व है कि वे माफी मांगें या निंदा प्रस्ताव को पारित करवाकर महिला-विरोधी आचरण की निंदा में भागीदार बनें। उन नेताओं की जरूर निंदा की जानी चाहिए, जिन्होंने आधी आबादी को राजनीतिक सशक्तिकरण और आरक्षण के लाभ से वंचित रखा।

## पूरे प्रदेश में विक्षोभ का असर, दस से 12 डिग्री तक गिरा पारा, शनिवार से फिर बदलेगा मौसम

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** यूपी के मौसम में पश्चिमी विक्षोभ के चलते बड़ा बदलाव हुआ है। आंधी और बारिश से प्रदेश के अधिकतम गिरावट दर्ज की गई। अमेठी में तापमान सामान्य से करीब 9.9 डिग्री नीचे पहुंच गया।

आंधी-बारिश के असर से अयोध्या, वाराणसी, कानपुर, गया। अयोध्या में 19.5 डिग्री के साथ सबसे ठंडी रात रही।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के




तापमान में दस से 12 डिग्री तक गिरावट आई है।

उत्तर प्रदेश में 29 और 30 अप्रैल को गरज-चमक व तेज हवाओं के साथ हुई आंधी बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। कई जिलों में अधिकतम तापमान में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस तक की बलिया और गाजीपुर समेत कई जिलों में दिन का तापमान घटकर 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास आ गया। इसके विपरीत उरई 43.6 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जबकि झांसी में 40.5 और आगरा में 39.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया अनुसार शुक्रवार से बारिश का दायरा सिमटने लगेगा। पूर्वी व तराई क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी संभव है। शनिवार से तापमान में फिर बढ़ोतरी शुरू होगी। वहीं 4 मई से सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ इलाकों में दोबारा हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं।

## केशव बोले- अखिलेश जाग जाएं, सार्वजनिक रूप से मांग लें माफी, विधेयक पास होता तो प्रदेश को मिलता ये लाभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला आरक्षण को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर विरोध का आरोप लगाते हुए माफी की मांग की है। साथ ही दावा किया गया कि इस कानून से महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। विपक्ष की भूमिका पर सवाल उठाकर आने वाले चुनावों को लेकर भी चेतावनी दी गई।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा में पारित न कराने के विरोध में नारी सशक्तिकरण पर आहूत विशेष सत्र में विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव का समर्थन न कर सपा, कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके ने महिला विरोधी चरित्र दिखाया है। उन्होंने कहाकि यदि ये पारित हो जाता तो यूपी संसद में यूपी के सांसदों की संख्या 80 की जगह 120 होती। प्रदेश विधानसभा में 403 की जगह 603 और विधान परिषद में 100 की जगह 150 सदस्य होते।

बृहस्पतिवार को विशेष चर्चा के दौरान सपा पर हमला बोलते हुए नेता सदन ने कहा कि यूपी को गाली देने वाली डीएमके के साथ सपा ने हाथ मिलाया। उन्होंने 2 जून 1995 को स्टेट गेस्ट हाउस कांड से लेकर लड़कों से गलती हो जाती है, जैसे बयानों पर सपा को घेरा।

सावित्री देवी कांड, आजम खान द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को फोन कर छुड़वाने, बंदायू कांड




से लेकर बुलंदशहर कांड तक में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार की याद दिलाई और कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि महिलाओं को अधिकार देना नहीं बल्कि लौटाना है। केशव ने कहा कि सपा ने संसद में अल्पसंख्यक महिलाओं आरक्षण की मांग की जबकि संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देता। उन्होंने कहा कि सपा ने केवल मुस्लिमों की राजनीति की, उन्हें वोट बैंक बनाकर रखा इसीलिए मुस्लिमों की स्थिति जस की तस है। उन्होंने महिलाओं के लिए सरकार द्वारा लागू योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार में हिन्दू-मुस्लिम में भेद नहीं किया जाता।

सपा सदस्यों से सवाल किया कि क्या आपने पूजा पाल का सुहाग उजाड़ने वालों को संरक्षण नहीं दिया था? क्या आप आधी आबादी से टकराएंगे? फिर कहा कि सावित्री बाई फुले ने महिला अधिकार और सम्मान देने का काम किया।

केशव ने सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और डिंपल यादव का नाम लेते हुए कहा कि क्या केवल सैफई और गांधी परिवार की महिलाएं ही संसद जाएंगी।

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर उखाड़े गए गड़े मुर्दे, भाजपा विधायकों ने याद दिलाया गेस्ट हाउस कांड; भारी हंगामा

**एजेहंसी समाचार**

**लखनऊ।** महिला आरक्षण के मुद्दे पर विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। प्रदेश सरकार की महिला मंत्रियों के साथ महिला सदस्यों ने हर कीमत पर आरक्षण हासिल करने की बात कही। साथ ही सपा सदस्यों को स्टेट गेस्ट कांड याद दिलाते हुए महिला विरोधी होने का आरोप लगाया। वहीं विपक्ष की महिला सदस्यों ने भाजपा पर नारी वंदन अधिनियम के बहाने परिसीमन कराने और जनगणना से भागने का आरोप जड़ा।

सदन में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि अब महिलाएं इस विधेयक का पास कराकर ही दम लेंगी। महिलाएं अपने दम पर प्रधान से लेकर सांसद बन रही हैं। केंद्र और यूपी की भाजपा सरकार अधिकतर योजनाएं महिलाओं के नाम पर हैं, यह सपा और कांग्रेस को नजर नहीं आएगा। सभी दलों को मिलकर इस विधेयक को पारित कराना



चाहिए। इसमें किसी का नुकसान नहीं है। भाजपा सदस्य केतकी सिंह ने कहा कि लोकसभा में विधेयक को पारित नहीं कराने का दिन इमरजेंसी से भी ज्यादा काला दिन बन चुका है। महिलाओं ने विपक्ष का क्रूर चेहरा देख लिया।

तीन दशक बीत गए, इस पर फैसला नहीं हुआ। कुछ राज्यों में तो केवल एक ही महिला विधायक है। उन्होंने सपा को स्टेट गेस्ट हाउस कांड की याद भी दिलाई। मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि पूरे देश की महिलाओं की नजर संसद पर थी, लेकिन वह काला दिन साबित हुआ। आधी आबादी विपक्ष को कभी माफ नहीं करेगी। सपा ने मुस्लिम महिलाओं को अलग आरक्षण देने की मांग कर संविधान का अपमान किया है। सपा ने मायावती जैसी सशक्त महिला के साथ गेस्ट हाउस कांड किया, जिसे दुनिया भर ने देखा। मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि देश भर की महिलाएं विपक्ष के इस रवैये से आक्रोशित हैं। इंडी गठबंधन ने महिलाओं को हमेशा पीछे किया है। इसके अलावा अंजुला माहौर, प्रदीप कुमार, डॉ. आरके वर्मा, सरिता भदौरिया, डॉ. सुरभि, पिंकी यादव ने भी सदन को संबोधित किया।

वहीं सपा सदस्य पल्लवी पटेल ने कहा कि विधानसभा का एक और दिन भाजपा की साजिश की भेंट चढ़ गया। दरअसल भाजपा आरक्षण देना ही नहीं चाहती है, तभी परिसीमन और जनगणना को इसमें शामिल किया गया। नसीम सोलंकी ने कहा कि मेरे उपचुनाव में महिला कार्यकताओं पर लाठियां चलाई गईं। भाजपा प्रत्याशी के साथ पूरा सिस्टम था। मैं अकेली घर संभालने के साथ चुनाव लड़ रही थी। ऐसे मौकों पर तो महिलाओं को बख्श देना चाहिए। एक आम महिला नेता कैसे बनती है, यह भाजपा ने सिखा दिया। ऐसे ही अत्याचार करेंगे तो बहुत सारी महिलाएं बिना आरक्षण मैदान में आ जाएंगी।

चर्चा के दौरान मंत्री ओपी राजभर और सपा सदस्य अतुल प्रधान के बीच गाजीपुर की घटना को लेकर जमकर तकरार हुई। राजभर ने कहा कि महिलाओं को माननीय बनाना हमारी जिम्मेदारी है। इनके नेता असत्य बोलते हैं। पीएम मोदी ने दस रुपये की झालमुरी क्या खा ली, इनको बेहोशी आ गई। जो घटनाएं यादव बिरादरी के लोग अंजाम देते हैं, वहां इनका प्रतिनिधिमंडल नहीं जाता है। इन लोगों ने मुसलमानों को भी धोखा दिया। वहीं अतुल प्रधान ने पलटवार करते हुए कहा कि राजभर ने पहले पीएम मोदी और सीएम योगी को अपशब्द कहे थे। तीन साल तक सोते रहे और पश्चिम बंगाल का चुनाव आते ही विधेयक याद आने लगा। इनके मातृ संगठन में एक भी महिला नहीं है। एप्सटीन फाइल वाले मंत्री आज भी गद्दी पर हैं।

मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि आज महिलाएं सुखोई और राफेल उड़ा रही हैं। सभी धर्मों में महिलाओं का सम्मान करने की बात कही गई है। अगले चुनावों में विधेयक का विरोध करने वालों का महिलाएं पूरी तरह सफाया कर देंगी।

## एक नजर

### वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह अशोक का निधन, कचहरी में शोक

**पीलीभीत।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एल्डर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह अशोक का निधन हो गया है। उनके निधन से विधिक जगत में शोक की लहर फैल गई। शोक के चलते कचहरी में न्यायिक कार्य स्थगित रहा और अधिवक्ताओं ने कार्य से विरत रहकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। अधिवक्ताओं ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि वे न केवल कुशल विधि विशेषज्ञ थे, बल्कि जूनियर वकीलों के मार्गदर्शक भी थे।



### सो रहे युवक को चारपाई सहित उठा ले गए आरोपी

**पूरनपुर।** घर में सो रहे युवक को आरोपी चारपाई सहित उठा ले गए। कुछ दूर ले जाने के बाद उसको मारा पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव मल्लपुर खजुरिया निवासी लक्ष्मीनरायन ने वताया कि 19 अप्रैल को रात्रि करीब 11बजे वह अपने घर पर सो रहा था। इसी दौरान गांव निवासी शिव ओम, शिवहरी, रानू, छिंदू एक राय होकर घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपी उसको चारपाई सहित घर से उठा ले गए। इसके बाद चारपाई से उतार कर उसको गंदी गंदी गालियां देने लगे मना करने पर उसको मारा पीटा। इससे वह घायल हो गया। विवाद को लेकर खलवली मच गई। कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। वमुश्किल लोगों ने विवाद को शांत कराया। मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची ।जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले, मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा कर जांच शुरू कर दी है ।पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शूरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को पकडकर जेल भेजा जाएगा।

# विवाहित पर धर्मांतरण का दबाव आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में एक विवाहित महिला को बहला-फुसलाकर उसका धर्म परिवर्तन कराने, उसे बंधक बनाकर शारीरिक शोषण करने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, आरोपी इरशाद अंसारी उर्फ नन्हे, निवासी ग्राम कुकड़ी खेड़ा, ने एक सोची-समझी साजिश के तहत महिला को अपने जाल में फंसाया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने महिला को तीन बीघा जमीन अपने नाम कराने का बड़ा लालच दिया था। आर्थिक तंगी और बेहतर भविष्य के प्रलोभन में आकर महिला आरोपी की बातों में आ गई। इसके बाद आरोपी उसे बहला-फुसलाकर बरेली जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित गंगवार कॉलोनी में ले गया, जहाँ उसने एक किराए का मकान ले रखा था।



पीड़िता।



फरार आरोपी।

पीड़िता का आरोप है कि उस मकान में आरोपी ने उसे बंधक बनाकर रखा और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, इरशाद ने उस पर अपना धर्म परिवर्तन करने के लिए मानसिक और शारीरिक दबाव डालना शुरू कर दिया। आरोपी चाहता था कि महिला अपने पति को कानूनी रूप से तलाक दे दे और उसके साथ निकाह कर ले। जब महिला ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपी ने हैवानियत की हदें पार कर दीं और उसे व उसके मासूम बच्चों और पति को जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से भागकर अपने घर पहुँची और परिजनों को आपबीती सुनाई। आरोप है कि शुरुआत में थाना स्तर पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और कार्रवाई में टालमटोल की। न्याय न मिलता देख पीड़िता ने पीलीभीत पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में दस्तक दी। मामले की गंभीरता और 'लव जिहाद' व धर्मांतरण जैसे संवेदनशील पहलुओं को देखते हुए उच्चाधिकारियों ने तत्काल थाना जहानाबाद को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए।

सहायक पुलिस अधीक्षक व सीओ सदर नताशा गोयल ने मीडिया को बताया कि आरोपी इरशाद अंसारी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध और अवैध धर्मांतरण के मामलों में पुलिस 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना रही है। आरोपी की लोकेशन ट्रैक करने और उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। फिलहाल, पुलिस पीड़िता का बयान दर्ज कर आगे की कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर रही है।

## वाहन की टक्कर से कार सवार महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पूरनपुर के बंडा चौराहे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। माधोटांडा के ग्राम मल्लपुर खजुरिया निवासी इंद्रजीत अपनी पत्नी हिमांशी राही, दो माह की पुत्री और मित्र अंकित के साथ दोस्त की शादी में शामिल होने पूरनपुर आए थे। 25 अप्रैल की रात करीब 12 बजे वापसी के दौरान बंडा चौराहे पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया, जहाँ से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने हिमांशी राही को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते कर्मचारी।

## श्रमिक दिवस पर सहायक कर्मचारियों का सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, टनकपुर रोड में श्रमिक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने सहायक कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने हस्तनिर्मित कार्ड भेंट किए और कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें म्यूजिकल चेयर, पिक द बॉल, रेस और रस्साकशी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि कर्मचारियों के सहयोग के बिना विद्यालय का संचालन संभव नहीं है। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बताया कि श्रमिक दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों में सहायक कर्मचारियों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता विकसित करना है।




अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर द वर्डेंट पब्लिक स्कूल में मंच पर उपस्थित अध्यापकगण एवं स्कूल स्टाफ।

## अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर द वर्डेंट पब्लिक स्कूल में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर सहायक कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक शिक्षाप्रद नाटक के साथ हुआ, जिसमें श्रमिकों के महत्व और उनके योगदान को दर्शाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर और प्रबंध निदेशक असद खान ने सभी सहायक कर्मचारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने स्वयं बनाए 'थैंक्यू कार्ड' भेंट कर उन्हें धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के विकास में हर कर्मचारी की अहम भूमिका है और उनके परिश्रम का सम्मान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम का सफल संचालन इंचार्ज फरहा खान, संजीव कुमार और शिवम वर्मा ने किया। अंत में सभी ने श्रमिकों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहने का संकल्प लिया।

# शादी समारोह में डीजे पर हर्ष फायरिंग से युवक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गोली लगने से युवक की हालत गंभीर, किया रेफर**

**पूरनपुर।** शादी समारोह में बज रहे डीजे पर हर्ष फायरिंग में चली गोली से युवक घायल हो गया। जिससे शादी समारोह में अफरातफरी मच गई। घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सुआवोझ निवासी एक ग्रामीण के यंहा बुधवार की रात एक शादी समारोह चल रहा था। शादी समारोह में डीजे भी बज रहा था। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। शादी समारोह में आए लोग डीजे पर नाच रहे थे। इसी दौरान डीजे पर अचानक हर्ष फायरिंग की आवाज गूंजी, जिससे वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। शादी समारोह में आए जगतवीर को गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल होकर मौके पर ही गिर पडा। गोली चलने से शादी समारोह में अफरा तफरी मच गई। गोली चलने के बाद कुछ समय के लिए समारोह का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया। लोग अपने-अपने घरों की ओर लौटने लगे और कार्यक्रम बाधित हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और विधायक पुत्र रितुराज पासबान मौके पर पहुंचे, पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर लोगों से पूछताछ की। इसके बाद आनन फानन में गोली लगने से घायल हुए युवक को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लगाया गया। पुलिस भी अस्पताल जा पहुंची। पुलिस ने घायल युवक से पूछताछ की। हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जंहा उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने वताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली जाएगी।

**इससे पहले भी हर्ष फायरिंग से हो चुकी हैं घटनाए**

लोगों का कहना है कि हर्ष फायरिंग से हुई यह घटना नई नही है। इससे पहले भी क्षेत्र में शादी समारोहों में हर्ष फायरिंग की घटनाएं होती रहीं है। लेकिन इसके बावजूद इस पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

## मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी, हडकंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। पूरनपुर इलाके में अनुमति की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का धंधा बेखौफ जारी है। शाम होते ही मिट्टी लदे वाहनों की आवाजाही से हादसों का डर बना रहता है।

सूचना पर पहुंची टीम ने वाहन को रोककर जांच की, जिसमें अनधिकृत परिवहन की पुष्टि हुई। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी और क्षेत्र में अवैध खनन पर निगरानी जारी रहेगी।

## प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं से मिले एसडीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शराब भठ्ठी हटाने की मांग को लेकर महिलाओं का चल रहा धरना प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। एसडीएम ने पहुंच कर काफी समझाया। लेकिन वह मांग पर अड़ी हुई हैं।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव बूंदीभूड में स्थापित की गई शराब की भठ्ठी हटाने को लेकर महिलाओ का चल रहा धरना प्रदर्शन गुरुबार को जारी रहा। उनका आरोप है कि भट्ठी के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है, घरेलू कलह बढ़ रही है और युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है।आवागमन के दौरान शराब पीने वाले लोग महिलाओं के आने जाने के दौरान फब्तियां कसते है। विरोध पर उनको धमकी दी जाती है। गुरुबार को कलीनगर उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने धरना प्रदर्शन कर रहीं महिलाओ से मिले, उन्होंने महिलाओं को शराब भठ्ठी हटाने का आश्वासन दिया। लेकिन वह अपनी मांग अडी रहीं। काफी देर तक उनकी मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया। लेकिन महिलाओं ने एसडीएम को नजरंदाज कर अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा। उनका कहना है कि यदि जल्द ही भट्ठी पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इसके बाद दोनो अधिकारी वापस लौट गए। काफी देर तक मामला चलता रहा। इस दौरान बडी संख्या में महिलाएं मौके पर मौजूद रहीं।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार शाम को एक युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, परिजनों से किसी बात पर हुई कहासुनी के बाद युवती ने यह कदम उठाया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहाँ से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। स्थानीय पुलिस ने इस संबंध में किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी प्राप्त होने से इनकार किया है।

**आवास-सर्वे** बैठक में आवास के पात्रों की पहचान पर दिया जोर

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व प्रधानों की बैठक आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कलीनगर।** गुरुवार को कलीनगर तहसील सभागार में एसडीएम, तहसीलदार और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की संयुक्त उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने को लेकर उनको जानकारी दी गई। बैठक में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे कर ऐसे परिवारों की सूची तैयार करें, जो अब तक आवास योजना के लाभ से वंचित हैं और वास्तव में इसके पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ किया जाए, ताकि किसी भी योग्य लाभार्थी को योजना से वंचित न रहना पड़े। एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर जरूरतमंद तक आवास की सुविधा पहुंचाना प्राथमिकता है, इसलिए जमीनी स्तर पर सही आंकड़े जुटाना बेहद आवश्यक है। सीडीओ ने कार्यकत्रियों को समयबद्ध तरीके से रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अन्य कई मुख्य बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इनकी बैठक के बाद ग्राम प्रधानों की भी अधिकारियों ने बैठक ली। बैठक में यह भी तय किया गया कि सर्वे के बाद प्राप्त सूची का सत्यापन कर पात्र परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इस दौरान बडी संख्या में ग्राम प्रधान और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व प्रधानों की बैठक लेते अधिकारी।



### एक नजर

## दून्दपुर मार्केट में चोरी, 50 हजार का माल साफ

**आसफपुर (बदायूं)।** थाना क्षेत्र में चोरी की बढ़ती वारदातों ने व्यापारियों और स्थानीय निवासियों की नींद उड़ा दी है। ताजा मामला दून्दपुर स्थित पाराशरी मार्केट का है, जहाँ अज्ञात चोरों ने एक जनरेटर और डीजे उपकरण की दुकान में सेंध लगाकर हजारों रुपये का कीमती सामान साफ कर दिया। पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्राम आसफपुर निवासी पीड़ित दुकानदार राजेश कुमार ने बताया कि बुधवार देर रात चोरों ने उनकी दुकान को निशाना बनाया। चोर दुकान के अंदर दाखिल होकर दो जनरेटरों के कीमती 'अल्टीनेटर' खोल ले गए। गुरुवार सुबह जब राजेश दुकान पर पहुँचे, तो सामान गायब देख उनके होश उड़ गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाए हैं। वहीं, एसएसआई नरेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर जाँच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर जल्द खुलासे की मांग की है।

# डीआईजी ने कप्तानों की मीटिंग में लगाई जमकर क्लास, दिए कड़े निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय


कप्तानों के साथ मीटिंग करते डीआईजी। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर बरेली परिक्षेत्र में गुरुवार को हुई हाईलेवल बैठक में सख्ती का साफ संदेश दिया गया। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने चार जिलों के पुलिस कप्तानों को सीधे शब्दों में चेताया कि अब काम करके दिखाना होगा, बहाने नहीं चाहिए। बैठक में लंबित मामलों, शिकायतों और जांच की सुस्ती पर तीखी नाराजगी भी जताई गई।

जनता की शिकायतों के निस्तारण में देरी पर डीआईजी ने नाराजगी जताई। साफ कहा कि आईजीआरएस पर लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए।हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान तय समय में हो, वरना जिम्मेदारी तय होगी। बैठक में पुलिस-मीडिया समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखने और किसी भी अफवाह का तुरंत खंडन करने के निर्देश दिए गए, ताकि माहौल बिगड़ने से पहले ही कंट्रोल किया जा सके। सीसीटीएनएस पर महीनों से अटकी विवेचनाओं को लेकर अफसरों की जवाबदेही तय करने के संकेत दिए गए। निर्देश दिए गए कि हर केस का तेजी से और ठोस तरीके से निस्तारण हो, ताकि अपराधियों को जल्द सजा मिल सके। डीआईजी ने जांच में तकनीक के इस्तेमाल पर खास जोर दिया। ई-साक्ष्य ऐप के जरिए वीडियो, फोटो और फॉरेंसिक रिपोर्ट को अनिवार्य रूप से जोड़ने को कहा गया, ताकि केस मजबूत बनें और अदालत में टिक सकें। न्यायालय से समन्वय बनाकर ई-समन जारी करने और उनकी समय पर तामीला सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यक्ष ऐप पर अपराधियों का पूरा डेटा फीड करने का लक्ष्य तय किया गया, ताकि पहचान और ट्रैकिंग आसान हो सके।

### जीएसटी चोरी और ड्रग्स नेटवर्क पर सख्त लें एक्शन

डीआईजी ने टैक्स चोरी और एनडीपीएस मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे अपराधों में ढिलाई बिल्कुल नहीं चलेगी। ऑपरेशन दहन के तहत मादक पदार्थों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए तेज और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नियमों का सख्ती से पालन कराने, जागरूकता बढ़ाने और चालान कार्रवाई तेज करने को कहा गया, ताकि हादसों में कमी लाई जा सके। मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा को और मजबूत करने, महिला बीट सिस्टम को एक्टिव करने के निर्देश दिए गए। वहीं साइबर अपराधों पर लगाम कसने के लिए साइबर हेल्प डेस्क को और प्रभावी बनाने और ठगी के मामलों का तुरंत निस्तारण करने को कहा गया। बैठक के अंत में डीआईजी ने दो टूक कहा कि अब हर जिले को जमीन पर परिणाम दिखाने होंगे।

# पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप, डीजीपी से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय


पीड़ित अनस। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर (बदायूँ)।** नगर फैजगंज में जांच के नाम पर युवक के घर पहुंची पुलिस द्वारा कथित तौर पर धमकी देने का मामला अब और गरमा गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के एक दिन बाद ही पीड़ित युवक ने डीजीपी उत्तर प्रदेश को प्रार्थना पत्र भेजकर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले ने अब पुलिस विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामला नगर फैजगंज का है, जहां 27 अप्रैल की रात पुलिस के कुछ सिपाही एक युवक के घर पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान परिवार के लोगों द्वारा विरोध करने पर पुलिसकर्मी भड़क गए और महिलाओं से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए घर पर बुलडोजर चलवाने और परिवार को मिट्टी में मिलाने की धमकी दी। घटना के दौरान किसी ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग पुलिस के रवैये पर सवाल उठा रहे हैं। इसी बीच पीड़ित युवक अनस ने पूरे प्रकरण को लेकर डीजीपी को विस्तृत शिकायत भेजी है। पीड़ित अनस का आरोप है कि पेट्रोल पंप पर हुई मारपीट की घटना से उसका कोई लेना-देना नहीं था, इसके बावजूद पुलिस उसके घर पहुंची और उसे जबरन मामले में शामिल करने का दबाव बनाने लगी। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बिसौली संजीव कुमार सिंह का कहना है कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने या वीडियो की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से निकाली अम्बेडकर शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिलसंडा।** डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह पर बृहस्पतिवार को उनके अनुयाइयों ने लुम्बनी बुद्ध बिहार घनश्यामपुर से विशाल शोभायात्रा निकालकर अम्बेडकर जी का भावपूर्ण स्मरण किया।

नगर से सटे गांव घनश्यामपुर स्थित लुम्बनी बुद्ध बिहार से विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में पुरूष महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। शोभा यात्रा में शामिल बच्चे हाथों में झंडा लिए आगे आगे बाबा साहब अमर रहे के नारे बुलंद कर रहे थे। शोभा यात्रा के मध्य बाबा साहब एवं अन्य महापुरुषों की चल रही झांकी को देखने के लिए सैलाब उमड़ पड़ा। जगह-जगह उनकी शोभा यात्रा पर अनुयायियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उधर नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता ने भी शोभा यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा बुद्ध बिहार से चलकर नगर के मुख्य मार्ग से थाना रोड से कमल पार्क, बमरौली चौराहा गोला रोड से होते हुए लुम्बनी बुद्ध बिहार पहुंचकर जनसभा के रूप में परिवर्तित हो गई। उधर सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा पुलिस फोर्स के साथ पूरे समय मौजूद रहे। शोभायात्रा में जितेन्द्र कुमार आजाद, विशाल बाबू, अंकित गौतम, आनन्द प्रकाश, धम्मकीर्ति उर्फ प्रमोद गौतम, गोकरन सिंह, सियाराम सागर, राजेश कुमार, राजीव सागर, रामप्रसाद, मुन्ना लाल पूर्व प्रधान, रामकिशन अम्बेडकर, मानू, सुनीता, ज्ञान देवी, सीमा, सुशीला देवी, लज्जावती देवी, बी पी बौद्ध, रजत सागर, अशोक कुमार, सुखलाल मोनू, भाईलाल अजय कुमार, मो. राशिद मंसूरी, बिलाल शाह, गुलहसन मंसूरी, उसमान शाह, दानिश सिद्दीकी, बाहिद खान आदि शामिल रहे।

### बहला फुसलाकर युवती को ले गया युवक, पुलिस को दी तहरीर

**पूरनपुर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी पुत्री को माधोटांडा थाना क्षेत्र एक गांव निवासी एक युवक बीतीरात बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका। युवती के परिवार के लोग युवक के घर पहुंचे और पुत्री की जानकारी की तो उन्होंने गाली गलौज कर अभद्रता करते हुए घर से भगा दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

# दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। माधोटांडा क्षेत्र के गांव नगरिया खुर्दकला निवासी राखी राय ने वताया कि उसकी शादी विशाल राय के साथ दो साल पहले हुई थी। जिसमें उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के कुछ महीनो के बाद ससुराल वालों ने उससे अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपये की नकदी, वाइक की मांग शुरू कर दी।विवाहिता ने मायके की हालत ठीक ना होने की बात कहकर दहेज लाने से मना कर दिया। जिससे खफा ससुरालियों ने उसको आए दिन मारपीट कर प्रताडित किया जाने लगा। आरोप है कि कईबार उसको ससुरालियों व उनके रिस्तेदारों ने जान से मारने का प्रयास किया। उसको फांसी के फंदे पर लटका दिया था। आस पडोस के लोगो ने उसको बचाया। कई बार जिंदा जलाने का प्रयास किया। 22-3-2026 को बाल पकड़ कर उसको मारा पीटा इसके बाद घर से निकाल दिया। वापस आने पर दूसरी शादी करने व जान से मारने की धमकी दी। 24-3-2026 को उसके ससुराली उसके मायके आए और गाली गलौज कर मारपीट की। मामले की शिकायत एसपी से की गई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति विशाल राय, सबिता राय, परमानंद राय, निकिता राय निवासी ग्राम टंडोला थाना दिनेशपुर जिला उधमसिंह नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# आवास योजना में अनियमितता के आरोप पीड़ित ने सीएम से लगाई न्याय की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर (बदायूं)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र होने के बावजूद लाभ से वंचित एक गरीब परिवार ने स्थानीय स्तर पर अनियमितताओं और रिश्वत मांगने के आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नरौरी नरौरा, पोस्ट मोहकमपुर निवासी रामभरोसे लाल का कहना है कि वह भूमिहीन और अत्यंत गरीब है तथा कई वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पाने के लिए प्रयासरत है। उसका आरोप है कि विभिन्न स्तरों पर कई बार जांच होने के बाद भी उसे पात्र पाया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक उसका नाम स्वीकृत सूची में शामिल नहीं किया गया। पीड़ित के अनुसार, उसने समाधान दिवस, तहसील दिवस, खंड विकास कार्यालय आसफपुर और जनसुनवाई पोर्टल पर कई बार शिकायत दर्ज कराई। हर बार अधिकारियों ने जांच कर रिपोर्ट में उसे पात्र बताया, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे वह लगातार परेशान है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि स्थानीय स्तर पर बिना पैसे दिए योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। हालांकि, पीड़ित ने किसी व्यक्ति विशेष का नाम उजागर नहीं किया है, लेकिन पूरे मामले में अनियमितता और भ्रष्टाचार की आशंका जताई है। रामभरोसे लाल ने बताया कि उसका मकान पूरी तरह कच्चा और जर्जर है। बरसात के मौसम में परिवार के साथ उसमें रहना बेहद खतरनाक हो जाता है, बावजूद इसके अब तक उसे किसी प्रकार की सरकारी मदद नहीं मिल सकी है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उसे तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए, ताकि वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित जीवन जी सके।

# शाहजहांपुर में 03 मई को 07 केंद्रों पर होगी नीट यूजी- 2026 परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद में आगामी 03 मई रविवार को नीट यूजी-2026 का आयोजन 07 परीक्षा केंद्रों पर अपराहन 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि सभी केंद्रों पर नियुक्त मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहेंगे और परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करेंगे। कहा कि आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेटों को रिजर्व स्टाफ के रूप में कलेक्ट्रेट मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम में तैनात किया गया है। जो दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। बताया कि इस वर्ष परीक्षा जनपद के स्वामी सुखदेवानन्द स्कूल मुमुक्षु आश्रम, गांधी फैज-ए-आम डिग्री कॉलेज, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-1, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, इस्लामिया इंटर कॉलेज, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज मुमुक्षु आश्रम तथा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज खिरनीबाग सहित कुल 07 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को सभी परीक्षा केंद्रों पर चिकित्सकों एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने तथा बायोमेट्रिक एवं अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन हेतु नेट सेवा प्रदाताओं को लगातार इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।


## कार्यालय ग्राम पंचायत आटा, विकास खंड बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-30.04.2026

अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आटा, वि. ख बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत आटा
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत आटा
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत मऊ अस्सू, विकास खंड बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं. विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2026-27 दिनांक-30.04.2026

अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मऊ अस्सू, वि. ख बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 और विगत वर्षों की ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में सम्मलित कार्यों के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, छठा राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवा वित्त आयोग, 16वां वित्त आयोग मनरेगा, VB GRAM G ओडीएफ प्लस अन्य शासकीय मदों के बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी डब्लू डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट | प्रति वेग | |
| 1 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी | |
| 2 | बजरफुट/बालू रेत | घन मी | |
| 3 | 20 एमएम बजरी | घन मी | |
| 4 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी | |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 6 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 7 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद रंगीन | प्रति नग | |
| 8 | आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, सी0सी0टीवी कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा डेस्कटॉप, सोलर पैनल पर्दे आदि उपर्युक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स/फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी0 | |
| 10 | सरिया/डोर माईल्डस | प्रति वर्ग मी0 | |
| 11 | लोहे का जाल | प्रति वर्ग मी0 | |
| 12 | मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिटटी | प्रति वर्ग मी0 | |
| 13 | लकडी के दरवाजे/कामर्शिल /टेम्बर/प्लाई | प्रति वर्ग मी0 | |
| 14 | बाल पेंटिंग डेम प्रुप बेदर मैक्स प्रुफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 15 | दीवार पुटटी/समोशम दो कोट | प्रति वर्ग मी0 | |
| 16 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण इत्यादि | प्रति नग | |
| 17 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण/विद्युत मोटर | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा | |
| 20 | आयरन एगिल टीनशैड | प्रति किग्रा | |
| 21 | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 22 | सी0सी0 बेंच लकडी की बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन कूडा गाडी/सफाई किट/टेली/प्लास्टिक बैग आदि | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल ई डी लाईट/सोलर लाईट, सोनर पैनल इत्यादि | प्रति नग | |
| 25 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड | प्रति घन मी0 | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाईब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 27 | पेन्ट/डिस्टेम्पर/ऐपेक्स | प्रति लीटर | |
| 28 | प्राईमर (लोहा लकडी) | प्रति लीटर | |
| 29 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 30 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिग | प्रति नग/फीट | |
| 31 | समरसेबिल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 32 | आर0सी0सी0 पिलर | नग/वैग | |
| 33 | बाल पुटटी | प्रति बैग | |
| 34 | पीवीसी पाईप | प्रति मीटर | |
| 35 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 36 | स्टील गाटर डिस्पेंसर/WSP शुद्ध पानी हेतु | प्रति नग | |
| 37 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 38 | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 39 | विद्युतीकरण | प्रति नग | |
| 40 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री | प्रति नग | |
| 41 | MRF सम्बन्धित सामग्री | | |
| 42 | इसीनरेटर मशीन | | |
| 43 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | | |
| 44 | लाइब्रेरी | | |
| 45 | तालाब सौन्दर्यकरण | | |
| 46 | वाटर कूलर | | |
| 47 | आरसीसी पिलर | | |
| 48 | हयूम पाइप | | |
| 49 | फिल्टर चैम्बर | | |
| 50 | सोक पिट | | |
| 51 | कचरा पात्र | | |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत मऊ अस्सू
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

सचिव, ग्राम पंचायत मऊ अस्सू
विकास खं0 बनियाखेड़ा, जिला सम्भल

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 | +1.043 |
| बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 12 | +1.919 |
| राजस्थान | 9 | 6 | 3 | 12 | +0.617 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.815 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -0.475 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.121 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -1.060 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 | -0.751 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 | +0.736 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.106 |

# आरसीबी के सामने गुजरात टाइटंस की होगी कड़ी परीक्षा

**मुकाबला शाम 7:30 बजे से**

**अहमदाबाद।** निरंतरता हासिल करने के लिए बेताब गुजरात टाइटंस को गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।अब जबकि टूर्नामेंट का आधा चरण पूरा हो चुका है तब गुजरात टाइटंस की टीम आठ मैचों में चार जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रही है। दूसरी तरफ मौजूदा चैंपियन आरसीबी शानदार फॉर्म में है और उसने आठ मैचों में से छह में जीत दर्ज की है। आरसीबी अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। आरसीबी की तरफ से उसके तेज गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड ने मिलकर कहर बरपाया है। जहां भुवनेश्वर ने अपनी शानदार स्विंग से पुराने दिनों की याद दिला दी है, वहीं हेज़लवुड ने टेस्ट मैच के स्तर की गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया है। वह बल्ले के बाहरी किनारे को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं। इसके अलावा बीच के ओवरों में क्रुणाल पंड्या का सामना करना भी बड़ी चुनौती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी में काफी विविधता है। गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर है। उसके चोटी के तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर ने एक बार फिर अधिकतर रन बनाए हैं। वाशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अपनी



काबिलियत साबित की है, जबकि शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे फिनिशर अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं। मध्य क्रम को मजबूती देने के लिए जेसन होल्डर को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इन दोनों टीम के बीच पिछले सप्ताह चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच खेला गया था जिसमें आरसीबी ने 206 रन का लक्ष्य सात गेंद शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया था। गुजरात टाइटंस की टीम अभी तक अपने घरेलू मैदान पर दबदबा बनाने में नाकाम रही है। उसने मोटेरा में खेले गए तीन मैचों में से दो मैच गंवाए हैं। आरसीबी इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। इंग्लैंड के अपने साथी खिलाड़ी फिल साल्ट की चोट के कारण पिछले दो मैच में खेलने वाले जैकब बेथेल कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।यह प्रतिभाशाली बल्लेबाज गुरुवार को विराट कोहली के साथ पारी का आगाज करते हुए अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगा। बेथेल ने टी20 विश्व कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था और वह किसी भी समय अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं इसलिए गुजरात टाइटंस को किसी तरह के मुगालते में नहीं रहना चाहिए।आरसीबी ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को करारी शिकस्त दी थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा। दिल्ली में मिली बड़ी जीत के बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा था, अपनी दिनचर्या का पालन करना बहुत जरूरी है क्योंकि अभी लंबा सफर तय करना है, लेकिन मुझे लगता है कि हम एक-एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे लिए सकारात्मक बात यह है कि हमारा कोई ना कोई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

## बारिश की भेंट चढ़ा बांग्लादेश व न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी20

**चटगांव।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को यहां होने वाला दूसरा टी20 क्रिकेट मैच लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा।काफी इंतजार करने के बावजूद बारिश के रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही थी जिसके बाद मैच रद्द करने का फैसला किया गया।पहले मैच में छह विकेट की जीत के बाद बांग्लादेश तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।श्रृंखला का अंतिम मैच मीरपुर में शनिवार से खेला जाएगा। बांग्लादेश ने इससे पहले तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

## भारतीय भारोत्तोलकों का उम्दा प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप एवं यूनिवर्सल कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को समोआ के अपिया में तीसरे दिन एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। बेलाना हरिका ने राष्ट्रमंडल युवा और जूनियर चैंपियनशिप के 69 किग्रा भार वर्ग में कुल 197 किग्रा (86 +111 किग्रा) वजन उठाकर दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता। करंगी तरंगिनी ने 179 किग्रा (79 +100 किग्रा) और भूमिका मोहिते ने 195 किग्रा (109 +86 किग्रा) वजन उठाकर 63 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते। यूनिवर्सल कप में अभिषेक निपाने ने कुल 324 किग्रा (140 +184 किग्रा) भार उठाकर 88 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भारतीय भारोत्तोलकों ने चार स्वर्ण पदक जीते थे।

## कोठारी ने फिर जीता विश्व बिलियर्ड्स खिताब

**कारलो (आयरलैंड)।** भारत के सौरव कोठारी ने यहां एकतरफा फाइनल में हमवतन पंकज आडवाणी को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। कोलकाता के खिलाड़ी ने तीन घंटे तक चले फाइनल में 19 बार के चैंपियन आडवाणी को 1133-477 से हराया। कोठारी ने लगातार अच्छे ब्रेक बनाए। उन्होंने 485, 121, 90, 241 और 155 के ब्रेक बनाकर अपनी जीत सुनिश्चित की।कोठारी ने फाइनल के बाद अपनी जीत को अपने पिताजी मनोज कोठारी को समर्पित किया जिनका इस साल के शुरू में निधन हो गया था। उन्होंने कहा, मैं अपने पिताजी के लिए इस प्रतियोगिता को दोबारा जीतना चाहता था। यह जीत मैं अपने पिताजी को समर्पित करता हूं।कोठारी ने कहा,विश्व खिताब जीतना वाकई अविश्वसनीय लगता है और उसका बचाव करना तो और भी खास है। आडवाणी ने शुरू में 141 का ब्रेक बनाया लेकिन कोठारी ने 485 के साथ उसका करारा जवाब दिया। इसके बाद उन्होंने 121 और 90 के ब्रेक बनाकर आडवाणी को मुकाबले से बाहर कर दिया। आडवाणी जब 224-700 से पीछे चल रहे थे तब उन्होंने 64 का ब्रेक बनाया। कोठारी ने उनकी गलती का फायदा उठाकर 241 का ब्रेक बनाया और 941-288 से बढ़त हासिल करनी। आडवाणी ने इसके बाद 119 का ब्रेक बनाया लेकिन कोठारी ने 155 का ब्रेक हासिल करके अपनी आसान जीत सुनिश्चित की।



## पहली हार से पता चली सच्चाई हताश नहीं हैं: जेम्स होप्स

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में उनकी टीम की पहली हार से उसे वास्तविकता का पता चला लेकिन स्पष्ट किया कि इससे टीम के अंदर किसी तरह की निराशा नहीं है। तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स को मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले वह प्रतियोगिता की एकमात्र अजेय टीम थी।होप्स ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, यह वास्तविकता का सामना करने जैसा है। हम शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हम मैच जीत रहे हैं और यह बहुत अच्छा है। हर कोई खुश है और माहौल अब भी बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा,यह हमारा आठवां मैच था और यह हमारी पहली हार है। हमारे ड्रेसिंग रूम में किसी तरह की निराशा का माहौल नहीं है।पंजाब किंग्स का अगला मैच रविवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस से होगा और होप्स ने कहा कि उनका ध्यान छोटी-मोटी कमियों को दूर करने पर होगा।उन्होंने कहा, आप आईपीएल में बिना कोई मैच हारे आगे नहीं बढ़ सकते। अब हमारे पास गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच खेलने से पहले कुछ दिन का समय है और इससे हमें फिर से एकजुट होने में मदद मिलेगी। हम अभ्यास के दौरान अपनी कुछ कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा तालिका में शीर्ष पर काबिज टीम के खिलाफ मिली जीत से बेहद खुश थे और उन्होंने कहा कि इससे उनकी टीम को काफी राहत मिली है।

# रिकेल्टन का शतक, इंडियन्स ने सनराइजर्स को 244 रन का लक्ष्य




**एजेंसी। मुंबई**

सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन के तूफानी शतक और उनकी तीन अर्धशतकीय साझेदारियों से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट पर 243 रन बनाए। रिकेल्टन ने अपने करियर और मुंबई के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 55 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 123 रन बनाने के अलावा विल जैक्स (46) के साथ पहले विकेट के लिए 93, नमन धीर (22) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 और कप्तान हार्दिक पंड्या (31) के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की।

सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 54 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि इशान मलिंगा ने 29, नितीश कुमार रेड्डी ने 31 और साकिब हसन ने 39 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया।पंड्या ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कलाई में चोट के कारण क्विंटन डिकॉक के बाहर होने पर मुंबई ने जैक्स और रिकेल्टन को पारी का आगाज करने का मौका दिया और दोनों ने पावर प्ले में 78 रन जोड़कर टीम को शानदान शुरुआत दिलाई। रिकेल्टन ने हिंगे का स्वागत छक्के के साथ किया जबकि जैक्स ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौके मारे। रिकेल्टन और जैक्स दोनों ने सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस पर भी दो-दो चौके मारे। जैक्स ने बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे पर दो छक्के और एक चौके से 16 रन बटोरे जबकि रिकेल्टन ने भी साकिब हुसैन पर दो छक्के और एक चौके से 18 रन जुटाए। कप्तान कमिंस ने इसके बाद गेंद नितीश कुमार रेड्डी को थमाई और उनकी पहली ही गेंद पर जैक्स ने विकेटकीपर इशान किशन को कैच थमा दिया। जैक्स ने 22 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। रिकेल्टन ने नितीश पर चौके के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर अगली गेंद पर छक्के के साथ 23 गेंद में अर्धशतक जड़ा। सूर्यकुमार यादव (05) भी अगले ओवर में इशान मलिंगा की गेंद पर फाइन लेग पर अभिषेक शर्मा को कैच दे बैठे। लगातार ओवरों में विकेट गंवाने के बावजूद रिकेल्टन ने आक्रामक रुख जारी रखा। उन्होंने और नमन ने साकिब और कमिंस पर चौके मारे।

## बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में नहीं खेलकर बड़ी गलती की

**मुंबई।** पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने इस साल की शुरुआत में भारत में हुए टी20 विश्व कप से बांग्लादेश के बाहर रहने को एक 'बड़ी गलती' करार किया और उम्मीद जताई है कि अगर दोनों टीम कुछ श्रृंखला खेलती हैं तो उनके बीच क्रिकेट के रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। बांग्लादेश ने अपने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से बाहर किए जाने के बाद टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा नहीं किया था जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका ने मिलकर की थी। जिसके बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया गया। शाकिब ने ईयूटी20 बेल्जियम की जर्सी लांच के मौके पर बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि यह एक बड़ा नुकसान था। उन्होंने कहा, बांग्लादेश क्रिकेट के लिहाज से यह एक बहुत बड़ी चूक थी क्योंकि एक देश के तौर पर हमें अपने खिलाड़ियों को विश्व कप में खेलते हुए और उन मैचों में हिस्सा लेते हुए देखना बहुत पसंद है। उन्होंने कहा,हमारा देश क्रिकेट को पसंद करता है। बांग्लादेश जैसे देश का विश्व कप में हिस्सा नहीं लेना एक बहुत बड़ी चूक थी। सरकार की तरफ से यह एक बड़ी गलती थी कि उन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। इस बड़े टूर्नामेंट के लिए भारत का दौरा नहीं करने के बांग्लादेश के फैसले का दोनों पड़ोसी देशों के आपसी रिश्तों पर लंबे समय तक असर पड़ सकता है लेकिन शाकिब ने उम्मीद जताई कि एक या दो सीरीज खेलने से 'दोनों देशों के बीच की कड़वाहट दूर हो सकती है'। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हालात बेहतर होंगे। शाकिब ने कहा, जाहिर है, इसके लिए कोशिशें करनी होंगी। मुझे लगता है कि अगर एक या दो सीरीज खेली जाती हैं (चाहे बांग्लादेश भारत का दौरा करे या भारत बांग्लादेश जाए) तो मुझे लगता है कि दोनों देशों के बीच की कड़वाहट दूर हो जाएगी और हालात बेहतर होंगे। मैंने सुना है कि अगस्त या सितंबर में एक सीरीज हो रही है। शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता से हटने के बाद से सुरक्षा कारणों और अपने खिलाफ चल रहे कानूनी मामलों की वजह से अवामी लीग के सांसद शाकिब बांग्लादेश नहीं लौटे हैं। हालांकि बांग्लादेश के इस महान खिलाड़ी को उम्मीद है कि क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले वह अपने देश के लिए एक आखिरी मैच जरूर खेलेंगे।



## दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय का निधन

**एजेन्सी न्यूज। नई दिल्ली**

अपने जमाने के दिग्गज भारतीय गोल्फर विजय कुमार का उनके गृह नगर लखनऊ में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। इंडियन ओपन 2002 के विजेता और चार बार के ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन विजय भारतीय पेशेवर गोल्फ के सबसे सफल और सम्मानित खिलाड़ियों में से एक थे। विजय ने 1988 में पेशेवर गोल्फर के रूप में करियर शुरू किया। उन्होंने एक दशक से भी अधिक समय तक भारतीय घरेलू गोल्फ पर अपना दबदबा बनाए रखा और इस दौरान कई खिताब जीते।इंडियन ओपन 2002 में उनकी जीत विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वह इंडियन ओपन जीतने वाले नौ भारतीय गोल्फरों में से एक हैं। विजय ने 1999 में स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में अल्फ्रेड डनहिल कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कपिल देव ने विजय कुमार के निधन को भारतीय गोल्फ के लिए बड़ी क्षति बताया।कपिल ने कहा, विजय कुमार भारतीय गोल्फ के महान खिलाड़ियों में से एक थे। अपनी उपलब्धयों, विनम्रता और खेल के प्रति समर्पण ने उन्हें गोल्फरों की कई पीढ़ियों के लिए एक आदर्श बना दिया। उनका निधन भारतीय गोल्फ के लिए बड़ी क्षति है। हम उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।



## पीएसजी ने सेमीफाइनल का पहला चरण 5-4 से जीता

**चैंपियंस लीग**

**एजेंसी। पेरिस**

मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में बायर्न म्यूनिख पर 5-4 से रोमांचक जीत हासिल की। चैंपियंस लीग के किसी सेमीफाइनल मुकाबले में यह सर्वाधिक गोल का नया रिकॉर्ड है।

सेमीफाइनल का दूसरा चरण अगले सप्ताह खेला जाएगा। बायर्न की तरफ से हैरी केन ने 17वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन पीएसजी ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही 5-2 की बढ़त बना ली, जिसमें तेजतर्रार विंगर ख्विचा क्वारात्सखेलिया (24वें और 56वें मिनट) और औस्मान डेम्बेले (45वें और 58वें मिनट) ने दो-दो गोल किए।पीएसजी के लिए जोआओ नेवेस ने भी 33वें मिनट में गोल किया था। बायर्न की तरफ से केन के अलावा माइकल ओलिस (41वें), डेयोत उपामाकानो (65वें) और लुई डियाज (68वें मिनट) ने गोल दागे।पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, हम जीतने के हकदार थे, हम हारने के हकदार थे, हम ड्रॉ के हकदार थे। यह एक असाधारण मैच था। मैंने कोच रहते हुए कभी इतना ज़बरदस्त मैच नहीं देखा। मैंने कभी ऐसा कड़ा मैच नहीं देखा।

यह अविश्वसनीय था। सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। बायर्न म्यूनिख के मुख्य कोच विन्सेंट कोम्पनी निलंबित थे और स्टैंड से मैच देख रहे थे, इसलिए सहायक कोच आरोन डैंक्स ने कमान संभाली। बायर्न को 24 जनवरी के बाद किसी भी प्रतियोगिता में पहली बार हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में नौ गोल दागे गए। यह चैंपियंस लीग के नॉकआउट चरण के किसी मैच में दूसरे सबसे ज़्यादा गोल के बराबर हैं। नॉकआउट चरण का एकमात्र ऐसा मैच जिसमें इससे भी ज़्यादा गोल हुए थे, उसमें भी बायर्न म्यूनिख शामिल था। उसने 2020 के क्वार्टरफ़ाइनल में बार्सिलोना को 8-2 से हराया था।






# लाल निशान पर बंद हुआ बाजार; सेंसेक्स 583 अंक टूटा, 24000 के नीचे निफ्टी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा। कारोबारी सत्र के आखिर में बीएसई सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 180.10 अंक गिरकर 23,997.55 पर आ गया।

वैश्विक दबाव और पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला। कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा उछाल के कारण घरेलू बाजार में भारी बिकवाली हुई, जिससे बीएसई सेंसेक्स 582.86 अंक गिरकर 76,913.50 पर बंद हुआ। निफ्टी 180.10 अंक गिरकर 23,997.55 पर आ गया।

सेंसेक्सः गुरुवार को सेंसेक्स 914.12 अंकों की भारी गिरावट के साथ 76,582.24 पर खुला और दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः 582.86 अंक (0.75 प्रतिशत) टूटकर 76,913.50 पर बंद हुआ।

निफ्टीः नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ठरए) का निफ्टी 50 भी 278.45 अंक गिरकर 23,899.20 पर खुला था। कारोबार के अंत में यह 180.10 अंक (0.74 प्रतिशत) का गोता लगाकर 23,997.55 पर आ गया।

कच्चे तेल में आग और भू-राजनीतिक संकट

बाजार में इस भारी बिकवाली का मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आया जबरदस्त उछाल है। शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 121 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया था, जो पिछले चार वर्षों का उच्चतम स्तर है। हालांकि, बाद में यह 1.22 प्रतिशत गिरकर 116.59 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 108 डॉलर के करीब पहुंच गया।

यह ऊर्जा संकट अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का परिणाम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि जब तक ईरान के साथ नया परमाणु और सुरक्षा समझौता नहीं हो जाता, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य की नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी। अमेरिका द्वारा जलडमरूमध्य खोलने के ईरान के प्रस्ताव को खारिज करने से तेल आपूर्ति लंबे समय तक बाधित होने की आशंकाएं और गहरी हो गई हैं।

बैंकिंग और बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा के अनुसार, भारत एक प्रमुख तेल आयातक देश है, इसलिए कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर घरेलू अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

रुपये में कमजोरीः अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कमजोर होकर 95 रुपये के करीब पहुंच गया है और बॉन्ड यील्ड में भी तेजी दर्ज की जा रही है।

बाजार पर दोहरा दबावः विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और गुरुवार को बीएसई अनुबंधों की मासिक एक्सपायरी ने बाजार की गिरावट और अस्थिरता को और तेज कर दिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।